Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UP Police

## Previous Year Paper

### SI 12 Dec 2017 Shift 3

Teachingninja.in

# उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक पुलिस आनलाइन परीक्षा, 2017

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

**Exam Date : 12-12-2017 Shift-III**

### सामान्य हिन्दी

1. **'बोध' शब्द का समानार्थी शब्द कौन सा है?**
(a) अनुभूति (b) विस्मृति
(c) बोझ (d) शांत

**Ans : (a)** बोध शब्द का समानार्थी 'अनुभूति' है। शेष विकल्प समानार्थी की दृष्टि से असंगत हैं।

2. दिए गए विकल्पों में से सही **वाक्य** चुनिए।
(a) तीन नगर का नाम बताइए।
(b) तीन नगरों के नाम बताइए।
(c) तीन नगरों का नाम बताइए।
(d) तीन नगर के नाम बताइए।

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वाक्य 'तीन नगरों के नाम बताइए' है। शेष वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

3. **'पुष्कर' का अर्थ बताइए।**
(a) ट्रेन का नाम (b) मूषक
(c) नदी का नाम (d) सरोवर

**Ans : (d)** पुष्कर का अर्थ 'सरोवर' होता है, जिसका अर्थ तालाब होता है।

4. **'जटिल' का अर्थ बताइए।**
(a) व्यर्थ (b) गंदा
(c) असंभव (d) पेचीदा

**Ans : (d)** जटिल का अर्थ 'पेचीदा' होता है, जबकि शेष शब्द असंगत है।

5. **हिन्दी** वर्तनी के आधार पर **सही वाक्य** का चयन करें।
(a) तुम इसके दाम देते जाओ।
(b) तुम इसका दाम देते जाओ।
(c) तुम इसके दाम दैते जाओ।
(d) तुम इसका दाम देते जाऔ।

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में से हिन्दी वर्तनी के आधार पर सही वाक्य 'तुम इसके दाम देते जाओ' है। इसके अतिरिक्त सभी विकल्प अशुद्ध वर्तनी वाले वाक्य हैं।

6. 'मुक्तिबोध' के लिए जैनेन्द्र **कुमार को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?**
(a) सरस्वती पुरस्कार (b) साहित्य अकादमी पुरस्कार
(c) ज्ञानपीठ पुरस्कार (d) मंगला प्रसाद परितोषिक

**Ans : (b)** 'मुक्तिबोध' के लिए जैनेन्द्र कुमार को वर्ष 1966 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

7. **किस वाक्य में प्रविशेषण नहीं हैं?**
(a) मुझे तो थोड़ी ही भूख है।
(b) बच्चे समझदार हो गए हैं।
(c) अरे! बहुत ही सुंदर फूल है।
(d) आजकल संतरे कुछ ज्यादा खट्टे हैं।

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में से 'बच्चे समझदार हो गये हैं' वाक्य में प्रविशेषण का प्रयोग नहीं किया गया है। हिंदी में जो शब्द विशेषणों की विशेषता बतलाते हैं उन्हें प्रविशेषण कहते हैं। यथा- 'मुझे तो थोड़ी ही भूख है' में 'थोड़ी ही' प्रविशेषण है। इसी प्रकार विकल्प में भी क्रमशः 'बहुत ही' तथा 'कुछ ज्यादा' प्रविशेषण हैं।

8. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य चुनिए।
(a) डर के मारे चोर दौड़ गया।
(b) परिवर्तन से ही विकास के चरण आगे बढ़ते है।
(c) ललित को दो बेटियाँ हैं।
(d) कर्म ही जीवन की कसौती है।

**Ans : (b)** प्रस्तुत विकल्पों में से सही वाक्य है – परिवर्तन से ही विकास के चरण आगे बढ़ते हैं। इसके अतिरिक्त अन्य विकल्प अशुद्ध हैं जिनके शुद्ध रूप निम्नवत हैं-

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| • डर के मारे चोर दौड़ गया | डर के मारे चोर भाग गया। |
| • ललित को दो बेटियाँ हैं। | ललित की दो बेटियाँ हैं। |
| • कर्म ही जीवन की कसौती है | कर्म ही जीवन की कसौटी है। |

9. **'अध्यापिकाएँ' इस शब्द के वचन के आधार पर निम्नलिखित विकल्पों में से सही संधि–विच्छेद का चयन करे।**
(a) अध्यापिका + ए (b) अध्यापिका + एँ
(c) अध्यापिका + इकाएँ (d) अध्यापिका + ऐ

**Ans : (b)** 'अध्यापिकाएँ' शब्द के वचन के आधार पर सही सन्धि विच्छेद है– अध्यापिका + एँ। इसके अतिरिक्त सभी विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

10. **'झूठा सच' के लेखक कौन हैं?**
(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) विष्णु प्रभाकर
(c) कबीर (d) यशपाल

**Ans : (d)** 'झूठा सच' उपन्यास के लेखक यशपाल हैं। यह उपन्यास दो भागों में क्रमशः सन् 1958 ई0 तथा सन् 1960 ई0 में प्रकाशित हुआ था।

11. **'लाल–पीला होना'** मुहावरे **का** सही अर्थ **क्या** है?
(a) बिल्कुल बदल जाना
(b) लाल और पीला रंग डालना
(c) अत्यधिक घमंड होना
(d) बहुत क्रोध करना

**Ans : (d)** 'लाल–पीला होना' मुहावरे का सही अर्थ है– बहुत क्रोध करना। अन्य सभी विकल्प अर्थ की दृष्टि से असंगत हैं।

12. **'गाढ़ा' शब्द का विलोम बताइए।**
(a) सुख (b) पतला
(c) ढीठ (d) गड्ढा

**Ans : (b)** 'गाढ़ा' शब्द का विलोम 'पतला' होता है। शेष शब्दों के विलोम निम्नवत् हैं

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| • सुख | दुःख |
| • ढीठ | विनम्र |
| • गड्ढा | समतल |



Teachingninja.in

13. ब्रह्मा,____ महेश, ये तीनों____ जगह का संचालन करती हैं।
(a) विष्णु, शक्तियां (b) शिव, भगवान
(c) कृष्णा, देवियां (d) ऋषि, देवता

Ans : (a) दिये गये वाक्य में रिक्त स्थानों के लिए 'विष्णु, शक्तियाँ' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा-
ब्रह्मा, विष्णु, महेश, ये तीनों शक्तियाँ जगत का संचालन करती हैं।

14. 'उपमा अलंकार' में 'उप' का अर्थ क्या है?
(a) ऊपर (b) बादल
(c) समीप (d) तौलना

Ans : (c) उपमा अलंकार में 'उप' का अर्थ 'समीप' होता है, जबकि 'मा' का अर्थ 'तौलना' होता है। अतः उपमा का शाब्दिक अर्थ 'समानता या तुलना' होता है।

15. ''पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो।''
पंक्ति के आधार पर सही अलंकार चुनिए।
(a) रूपक अलंकार (b) अनुप्रास
(c) उपमा (d) उत्प्रेक्षा अलंकार

Ans : (a) प्रस्तुत काव्य पंक्ति में रूपक अलंकार प्रयुक्त है क्योंकि यहाँ उपमेय (धन) का उपमान (राम) पर भेदरहित आरोपण किया गया है। रूपक की परिभाषा के अनुसार 'जहाँ उपमेय और उपमान में भेदरहित आरोप किया जाता है, वहाँ रूपक अलंकार होता है।'

16. 'मिलजुल मन' किसकी रचना है?
(a) चित्रा मुद्गल (b) मृदुला गर्ग
(c) नासिरा शर्मा (d) ममता कलिया

Ans : (b) 'मिलजुल मन' मृदुला गर्ग का चर्चित उपन्यास है जिसके लिए उन्हें सन् 2013 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

17. ''जिंदगीनामा'' के लेखक कौन हैं?
(a) कालिदास (b) केदारनाथ सिंह
(c) कैफ़ी आजमी (d) कृष्णा सोबती

Ans : (d) 'जिदंगीनामा' उपन्यास कृष्णा सोबती की रचना है, जिसके लिए उन्हें सन् 1980 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 1996 में साहित्य अकादमी फेलोशिप तथा 2017 में भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 'मित्रो मरजानी', 'दिलो दानिश' 'सूरजमुखी अँधेरे के', 'हम हशमत', 'ऐ लड़की' इत्यादि कृष्णा सोबती जी की प्रमुख रचनाएँ हैं।

18. ''पीपर पात सरिस मन डोला।''
'पीपर पात' उपमा अलंकार का कौन सा अंग है?
(a) साधारण धर्म (b) उपमेय
(c) उपमान (d) वाचक

Ans : (c) प्रस्तुत पंक्ति में 'पीपर पात' उपमा अलंकार के अंतर्गत उपमान है। उपमेय की जिस पदार्थ से तुलना की जाती है उसे उपमान कहते हैं। यहाँ मन (उपमेय) की तुलना पीपर पात (उपमान) से 'डोलना' क्रिया (साधारण धर्म) के आधार पर की जा रही है। इसमें 'सरिस' (वाचक) शब्द है।

19. 'काफूर होना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?
(a) कलंकित होना (b) भाग जाना
(c) बड़ा काम करना (d) गद्दार होना

Ans : (b) 'काफूर होना' मुहावरे का सही अर्थ 'भाग जाना' होता है। इसके अतिरिक्त अन्य विकल्प अर्थ की दृष्टि से असंगत हैं।

20. ''काली घटा का घमंड घटा।''
पंक्ति में कौन से अलंकार का प्रयोग किया गया है?
(a) प्रश्न अलंकार (b) अन्योक्ति अलंकार
(c) वीप्सा अलंकार (d) यमक अलंकार

Ans : (d) प्रस्तुत पंक्ति में यमक अलंकार का प्रयोग हुआ है। जहाँ एक शब्द की आवृत्ति कई बार हो तथा अर्थ भी प्रत्येक स्थान पर भिन्न हो तो वहाँ पर यमक अलंकार होता है। यहाँ घटा की आवृत्ति दो बार हुई है किन्तु प्रत्येक स्थान पर अर्थों में भिन्नता प्रदर्शित होती है। जहाँ पहली बार 'घटा' का अर्थ 'काले बादलों' से है, वहीं दूसरी बार 'घटा' का अर्थ 'कमी होना/ह्रास' से सम्बन्धित है।

21. ''निरंतर___करने से कामयाबी जरूर हासिल होती है।''
(a) हंगामा (b) प्रयास
(c) कार्य (d) चीत्कार

Ans : (b) दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान के लिए 'प्रयास' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार है-
''निरंतर प्रयास करने से कामयाबी जरूर हासिल होती है।''

22. सियार का गुण–स्वभाव _____ और _____ है।
रिक्त स्थानों के लिए उचित विकल्प चुनिए।
(a) धूर्तता, चालाकी (b) सफेद, चालाक
(c) सुस्त, मूर्ख (d) गंदा, वीभत्स

Ans : (a) दिये गये वाक्य में रिक्त स्थानों के लिए 'धूर्तता, चालाकी' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा-
सियार का गुण स्वभाव धूर्तता और चालाकी है।

23. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य चुनिए।
(a) मैं आपको परनाम किया हूँ।
(b) मैंने आपसे प्रणाम किया था।
(c) मैंने आपको प्रणाम किया था।
(d) मैं आपको प्रणाम किया था।

Ans : (c) दिये गये विकल्पों में 'मैंने आपको प्रणाम किया था' सर्वाधिक शुद्ध वाक्य है। शेष विकल्प अशुद्ध वाक्य के उदाहरण हैं।

24. विकल्पों में से पुल्लिंग शब्द का चयन करें।
(a) तपस्विनी (b) परोपकारिणी
(c) तेजस्वी (d) हंसिनी

Ans : (c) दिये गये विकल्पों में से 'तेजस्वी' पुल्लिंग शब्द है। इसके अतिरिक्त सभी स्त्रीलिंग शब्द हैं जिनके पुल्लिंग क्रमशः तपस्वी, परोपकारी तथा हंस हैं।

25. मनुष्य जीवन में ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ के अलावा एक आश्रम और भी है। वह चौथा आश्रम कौनसा है?
(a) मोक्ष (b) दंड
(c) क्षत्रिय (d) संन्यास

Ans : (d) धर्मशास्त्रों के अनुसार मनुष्य के जीवन में चार आश्रम ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा संन्यास का अस्तित्व स्वीकार किया जाता है।

26. 'थोथा चना बाजे घना' मुहावरे के अर्थ का चयन करें।
(a) चने रूपी खिलौने से खेलना
(b) दिखावा बहुत करना परन्तु सार न होना।
(c) चने को बजाना।
(d) बहुत आवाज करना।

Ans : (b) 'थोथा चना बाजे घना' मुहावरे का अर्थ 'दिखावा बहुत करना परन्तु सार न होना' होता है। शेष विकल्प अर्थ की दृष्टि से असंगत हैं।

27. ''किंचित'' तत्सम शब्द का तद्भव शब्द बताइए।
(a) परन्तु (b) लेकिन
(c) कुछ (d) थोड़ा



Teachingninja.in

**Ans : (c)** 'किंचित' का तद्भव रूप 'कुछ' होता है, जबकि 'थोड़ा' का तत्सम 'स्तोक' होता है, इसके अतिरिक्त शेष शब्द अपने तत्सम रूप में हैं।

**गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न के उत्तर दीजिये।**

**अक्सर दूरदर्शन पर परिवार नियोजन के कार्यक्रम और विज्ञापनों को लेकर सवाल उठाये जाते हैं कि ये विज्ञापन बच्चों पर बुरा असर डाल रहे हैं, बच्चों को समय से पहले प्रौढ़ बना रहे हैं। क्या सचमुच इस तरह के विज्ञापन समाज के लिए अहितकर हैं?**

**यह तथ्य सभी एक स्वर में स्वीकारते हैं कि आज बढ़ती आबादी सबसे बड़ा संकट है। परन्तु बढ़ती आबादी पर रोक के लिए कौन से कारगर उपाय किए जाएं, यह चिंतन का बिंदु रहा है। निश्चय ही जनसंख्या पर नियंत्रण में संचार माध्यमों द्वारा ज्ञापित संदेश जनमानस में व्यापक असर डालते हैं।**

**28. आज सबसे बडा संकट क्या है?**

(a) गरीबी (b) जनसंख्या
(c) मनोरंजन (d) रोजगार

**Ans : (b)** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, आज सबसे बड़ा संकट जनसंख्या है।

**29. 'प्रौढ़' का अर्थ बताएं।**

(a) अपरिपक्व (b) अशक्त
(c) अनुभवहीन (d) वयस्क

**Ans : (d)** प्रौढ़ का अर्थ वयस्क होता है।

**30. कौन–सा शब्द 'उपाय' से संबंधित नहीं है?**

(a) तरकीब (b) साधन
(c) विलक्षण (d) युक्ति

**Ans : (c)** दिये गये विकल्पों में से 'विलक्षण' उपाय से सम्बन्धित नहीं है। इसके अतिरिक्त शेष शब्द उपाय के समानार्थी शब्द हैं।

**31. लोक में प्रचलित उक्ति जिसका मूल अर्थ बना रहता है और स्वतंत्र रूप से उसका प्रयोग भी किया जाता है, दिए गए विकल्पों में से सही उक्ति का चयन करें।**

(a) सर्वनाम (b) मुहावरा
(c) लोकोक्ति (d) विशेषण

**Ans : (c)** लोक में प्रचलित उक्ति जिसका मूल अर्थ बना रहता है और स्वतंत्र रूप से उसका प्रयोग भी किया जाता है, उसे 'लोकोक्ति' कहा जाता है।

**32. 'सुप्त' का विरुद्धार्थी शब्द बताइए।**

(a) पौरस्त्य (b) घालक
(c) जागृत (d) गरमी

**Ans : (c)** 'सुप्त' का विरुद्धार्थी शब्द 'जागृत' (जाग्रत) है। शेष शब्दों के विलोम निम्नवत् हैं-

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| पौरस्त्य | पाश्चात्य |
| गर्मी | ठण्डी |

**33. 'रेहन पर रग्घू' किस लेखक का उपन्यास है?**

(a) मैत्रेयी पुष्पा (b) काशीनाथ सिंह
(c) गोविन्द मिश्र (d) दूधनाथ सिंह

**Ans : (b)** 'रेहन पर रग्घू' काशीनाथ सिंह का उपन्यास है, जिसके लिए उन्हें 2011 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**34. ''विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की प्राचीनकाल की/के____से लेकर इस शताब्दी में प्राप्त महान सफलताओं की एक लंबी और____परंपरा रही है।'' रिक्त स्थानों के लिए उचित विकल्प चुनिए।**

(a) विजय, अभय (b) उपलब्धियों, अनूठी
(c) नवाचारों, आहत (d) कर्मों, अकाट्य

**Ans : (b)** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थानों के लिए 'उपलब्धियों, अनूठी' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा- विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की प्राचीन काल की उपलब्धियों से लेकर इस शताब्दी में प्राप्त महान सफलताओं की एक लम्बी और अनूठी परम्परा रही है।

**35. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्य पहचानिए**

(a) मोर के पंख सुंदर होते हैं।
(b) मोरों के पंख सुंदर होते हैं।
(c) मोर का पंख सुंदर होते हैं।
(d) मोरो के पंख सुंदर होते हैं।

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में से 'मोर के पंख सुंदर होते हैं' शुद्ध वाक्य है। इसके अतिरिक्त अन्य विकल्प अशुद्ध वाक्य के उदाहरण हैं।

**36. ''यह कथा उस समय की है जब लंका जाने के लिए भगवान श्रीराम ने सेतु ____ के पूर्व समुद्र तट पर शिवलिंग ____ किया था।''**

(a) पारने, रचना (b) लांघने, ध्यान
(c) जोड़ने, पूजा (d) निर्माण, स्थापित

**Ans : (d)** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थानों के लिए 'निर्माण, स्थापित' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द हैं। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा- ''यह कथा उस समय की है जब लंका जाने के लिए भगवान श्री राम ने सेतु निर्माण के पूर्व समुद्र तट पर शिवलिंग स्थापित किया था।''

**37. कौन सा विशेषण निश्चित संख्यावाचक विशेषण नहीं है?**

(a) कुर्ते के लिए दो मीटर कपड़ा चाहिए।
(b) चाय में पचास ग्राम चीनी डालना।
(c) सैकड़ों लोग मारे गए।
(d) एक किलो आम से ज्यादा मत लाना।

**Ans : (c)** दिये गये विकल्पों में से 'सैकड़ों लोग मारे गये' वाक्य में निश्चित संख्यावाचक विशेषण नहीं है। शेष सभी वाक्यों में निश्चित संख्यावाचक विशेषण है।

**38. ''मैंने आम ले लिया है'' को बहुवचन क्या होगा?**

(a) हमने आम ले लिये हैं।
(b) मैंने आम ले लिये हैं
(c) हमने आम ले लिया है
(d) मैंने आम लिये हैं

**Ans : (b)** 'मैंने आम ले लिया है'' का बहुवचन 'मैंने आम ले लिये हैं' होगा।

**39. ''वह काम बहुत ढंग से करते हैं।'' वाक्य का काल पहचानिए।**

(a) सामान्य भविष्यकाल (b) सामान्य भूतकाल
(c) संभाव्य भविष्यकाल (d) सामान्य वर्तमानकाल

**Ans : (d)** प्रस्तुत वाक्य में सामान्य वर्तमान काल का प्रयोग हुआ है।

**40. विकल्पों में से स्त्रीलिंग शब्द का चयन करें।**

(a) सागर (b) अग्रजा
(c) छात्र (d) राजन

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में से 'अग्रजा' स्त्रीलिंग शब्द है, जबकि शेष सभी शब्द पुल्लिंग हैं।



Teachingninja.in

## सामान्य-ज्ञान/मूलविधि/संविधान

41. **विभिन्न बाजारों में कीमतों या प्रतिलाभ में अंतर से लाभ लेने को _____ कहा जाता है।**
(a) दो तरफा विक्रय
(b) परिस्थिति का फायदा उठाना
(c) वित्तीय हानि से बचाव हेतु वायदा
(d) अंतरपणन

**Ans : (d)** किसी प्रतिभूति वस्तु या विदेशी विनिमय को सस्ते बाजार में खरीदना और साथ ही साथ तेज बाजार में बेचना अन्तरपणन (आर्बिट्रेज) कहलाता है। इसका उद्देश्य विभिन्न व्यापारिक केन्द्रों में प्रचलित मूल्यों के अन्तर से लाभ उठाना होता है। एक ही समय में विभिन्न बाजारों में उसी प्रतिभूति वस्तु या विदेशी चलन के विभिन्न मूल्य होते हैं। इसके परिणामस्वरूप समस्त बाजार मूल्यों में समानता स्थापित होती है।

42. **राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत, संविधान के अध्याय IV के _______ में निहित हैं।**
(a) अनुच्छेद 36 से अनुच्छेद 51
(b) अनुच्छेद 52 से अनुच्छेद 61
(c) अनुच्छेद 25 से अनुच्छेद 85
(d) अनुच्छेद 18 से अनुच्छेद 24

**Ans : (a)** भारतीय संविधान के भाग 4 के अनुच्छेद 36 से 51 तक राज्य के नीति निदेशक तत्वों का वर्णन किया गया है। इसे न्यायालय द्वारा लागू नहीं कराया जा सकता है। इसे आयरलैंड के संविधान से ग्रहण किया गया है।

43. **निम्नलिखित में से कौन सा, एक ऐसा कर है जिसकी वसूली सिर्फ़ राज्य कर सकता है?**
(a) भूमि राजस्व
(b) सीमा शुल्क
(c) आयकर पर अधिभार
(d) व्यक्तियों और कंपनियों की संपत्ति के पूंजीगत मूल्य पर कर

**Ans : (a)** राज्य सरकार द्वारा लिये जाने वाले कर–
**प्रत्यक्ष कर–** होटल, भू–राजस्व, कृषि आय, व्यवसाय कर, गैर–शहरी अचल संपति पर कर, रोजगार कर आदि।
**अप्रत्यक्ष कर–** बिक्री या व्यापार कर, परिवहन कर, विद्युत कर, खनिज तेल पर बिक्री कर, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन शुल्क, शिक्षा कर आदि।
केन्द्र सरकार द्वारा लिये जाने वाले कर–
**प्रत्यक्ष कर–** आयकर, निगम कर, धन कर, सम्पत्ति कर, उपहार कर, खर्च कर व ब्याज कर।
**अप्रत्यक्ष कर–** सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर।

44. **_______सदन के अधिकार और विशेषाधिकार, उसकी समितियों और सदस्यों के अभिरक्षक हैं।**
(a) अध्यक्ष (b) राष्ट्रपति
(c) पीठासीन अधिकारी (d) प्रधानमंत्री

**Ans : (a)** अध्यक्ष, सदन के अधिकार और विशेषाधिकार, उसकी समितियों और सदस्यों के अभिरक्षक होते हैं। पीठासीन अधिकारी कार्यवाहक भी होते हैं। अतः स्थायी रूप से अध्यक्ष को ही ये अधिकार प्राप्त होते है।

45. **अगर लोक सूचना अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत, विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर सूचनाप्रार्थी को सूचना देने में असफल हो, तो उसे ______ कहा जाता है।**
(a) अवमानना (b) सूचना स्थिर
(c) समय समाप्त (d) मानित अस्वीकृति

**Ans : (d)** अगर लोक सूचना अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत, विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर सूचनाप्रार्थी को सूचना देने में असफल हो, तो उसे मानित अस्वीकृति कहा जाता है। मानित अस्वीकृति के बाद सूचनाप्रार्थी प्रथम अपीलीय अधिकारी के पास प्रथम अपील कर सकता है।

46. **राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**
**(A) राष्ट्रपति द्वारा घोषित अध्यादेश की शक्ति, कानून के समतुल्य ही है।**
**(B) संसद के दोबारा बैठने पर, बैठक की तारीख से तीन सप्ताह के बाद, अध्यादेश निष्क्रिय हो जाता है।**
(a) A और B, दोनों (b) केवल A
(c) केवल B (d) A और B, दोनों ही नहीं

**Ans : (b)** अनु. 123 में यह प्रावधान है कि अगर संसद के दोनों सदन सत्र में नहीं हैं और राष्ट्रपति को यह समाधान हो जाये कि ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो गयी हैं कि तुरन्त कार्यवाही करना आवश्यक है, तो राष्ट्रपति अध्यादेश जारी कर सकता है। इस अध्यादेश का वही प्रभाव होगा,जो संसद द्वारा पारित और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित अधिनियम का होता है। किसी अध्यादेश की अधिकतम अवधि 6 महीने तथा संसद की मंजूरी न मिलने की स्थिति में 6 हफ्तों की होती है। इसके अतिरिक्त इसे सदन में रखे जाने से पूर्व राष्ट्रपति द्वारा वापस भी लिया जा सकता है।

47. **संविधान के किस अनुच्छेद का अर्थ यह भी है कि भारतीय नागरिक अथवा दूसरे किसी भी व्यक्ति के साथ, भिन्न–भिन्न परिस्थितियों में भिन्न–भिन्न तरीके से बर्ताव किया जाएगा।**
(a) अनुच्छेद 14: विधि के समक्ष समता
(b) अनुच्छेद 15: सामाजिक एकता
(c) अनुच्छेन 18: उपाधियों का अंत
(d) अनुच्छेद 16 : लोक नियोजन के विषय में अवसर की समता

**Ans : (c)** अनु. 14 में उल्लिखित मूल अधिकार सभी व्यक्तियों को प्राप्त है। इसमें प्रयुक्त शब्द "विधियों के समान संरक्षण'' का अर्थ है कि नागरिक व गैर नागरिक दोनों को ये संरक्षण प्रदान किया जायेगा। हॉलाकि इसमें अपवाद शामिल हैं परंतु वे विशेष पदो हेतु हैं न कि सामान्य लोगों हेतु। जबकि अनु. 18 के अन्तर्गत कोई व्यक्ति जो भारत का नागरिक नहीं है, राज्य के अधीन विश्वास या लाभ के पद पर रहते हुये विदेशी राज्य से कोई उपाधि राष्ट्रपति की सहमति के बिना स्वीकार नहीं करेगा। वहीं भारतीय नागरिक किसी भी स्थिति में विदेशी उपाधि स्वीकार नहीं करेगा। इस प्रकार प्रश्नानुसार भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में भिन्न-भिन्न बर्ताव किया जायेगा।

48. **निम्न में से कौन–सा संरचनात्मक बेरोजगारी के लिए सबसे कम कारण माना जाता है?**
(a) आबादी
(b) प्रौद्योगिकीय
(c) देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते नौकरियों को स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित करते हैं



Teachingninja.in

(d) उस क्षेत्र का अप्रासंगिक ज्ञान जिसमें रोजगार के अवसर कम हैं

**Ans : (a)** संरचनात्मक बेरोजगारी तब प्रकट होती है जब बाजार में दीर्घकालिक स्थितियों में बदलाव आता है। यह बेरोजगारी देश की अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तनों के कारण उत्पन्न होती है। देश के सामाजिक, आर्थिक एवं तकनीकी विकास के परिणामस्वरूप कुछ उद्योगों का विस्तार हुआ तथा कुछ अन्य उद्योगों का संकुचन होता गया, जिससे विस्तारित उद्योगों में रोजगारों की माँग बढ़ गयी तथा संकुचित हो रहे उद्योगों के उत्पादन में लगे लोग बेरोजगार हो गये। इस प्रकार की बेरोजगारी में आबादी या जनसंख्या को कम कारण माना जाता है जबकि इसका प्रमुख कारण 'अपर्याप्त उत्पादन क्षमता' है।

**49. प्रथम राज्यसभा का गठन किस वर्ष हुआ था?**

(a) 1952 (b) 1950
(c) 1947 (d) 1949

**Ans : (a)** भारतीय संविधान के प्रवर्तन के बाद 'काउंसिल आफ स्टेट' (राज्यसभा) का गठन सर्वप्रथम 3 अप्रैल 1952 को किया गया था। इसकी पहली बैठक मई 1952 को हुई थी। इसकी अध्यक्षता तत्कालीन उपराष्ट्रपति डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के द्वारा की गयी। 23 अगस्त 1954 को सभापति ने सदन में घोषणा की कि 'काउंसिल ऑफ स्टेट' को अब 'राज्यसभा' के नाम से जाना जायेगा।

**50. _____ने पहली बार विधायिका में द्विसदनीय व्यवस्था लागू की।**

(a) भारत सरकार अधिनियम (b) निर्देशक सिद्धांत
(c) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम (d) संविधान सभा

**Ans : (a)** 1919 का भारत सरकार अधिनियम जिसे 'मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार' भी कहा जाता है, इसके प्रमुख प्रावधान निम्न हैं–

(1) साम्प्रदायिक निर्वाचन प्रणाली का विस्तार सिक्खों, यूरोपियन और ईसाईयों तक कर दिया गया।
(2) प्रांतों में द्वैध शासन प्रणाली लागू की गयी अर्थात प्रांतीय विषयों को आरक्षित तथा हस्तांतरित विषयों में बाँटा गया। आरक्षित विषय गवर्नर के पार्षदों एवं हस्तांतरित विषय निर्वाचित सदस्यों के पास थे।
(3) केन्द्र में द्विसदनात्मक व्यवस्था की गयी– उच्च सदन, जिसे राज्यसभा कहा गया तथा निम्न सदन, जिसे विधानसभा कहा गया।
(4) केन्द्रीय तथा प्रांतीय सरकारों के बीच भी विषयों का विभाजन किया गया।

**51. आयकर अधिनियम में _____एक प्रमाणपत्र है जो नियोक्ता अपने कर्मचारियों को देता है। यह नियोक्ता द्वारा कर्मचारी के वेतन से काटे गये कर की राशि को प्रमाणित करता है।**

(a) फॉर्म 16 (b) फ़ॉर्म 12
(c) फ़ॉर्म 15 (d) फ़ॉर्म 26AS

**Ans : (a)** 'फार्म 16' नियोक्ता द्वारा अपने कर्मचारी को दिया गया एक आयकर अधिनियम प्रमाण पत्र है जो यह प्रमाणित करता है कि यह नियोक्ता द्वारा कर्मचारी के वेतन से काटे गये कर की राशि को प्रमाणित करता है।

**52. भारत और अफगानिस्तान के द्वारा बनाये गए मैत्री बांध का नाम क्या है?**

(a) किसी बाँध (b) दरुन्ता बाँध
(c) सलमा बाँध (d) पंदोह बाँध

**Ans : (c)** 'सलमा बाँध' को 'अफगान-भारत मैत्री बांध' भी कहा जाता है। इस बाँध का निर्माण भारत के सहयोग से चिश्त-ए-शरीफ जिले के हारी नदी पर किया गया, जिसकी लागत राशि 1700 करोड़ रु0 है। जून 2016 में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने इसका उद्घाटन किया। इस परियोजना से अफगानिस्तान के हेरात प्रान्त की लगभग 75000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी तथा 42 मेगावाट क्षमता की बिजली उत्पन्न होगी।

**53. निम्नलिखित रेगिस्तानों में से, हिमालय पर्वत शृंखला से निर्मित, वह कौन-सा वर्षा छाया रेगिस्तान है, जो हिंद महासागर से वर्षा ले जा रहे बादलों को अवरुद्ध करता है?**

(a) गोबी रेगिस्तान (b) तकला मकान रेगिस्तान
(c) काराकुम रेगिस्तान (d) थार रेगिस्तान

**Ans : (b)** तकला मकान मरूस्थल मध्य एशिया में स्थित है इसका अधिकांश भाग चीन द्वारा नियंत्रित शिंजियांग प्रान्त में पड़ता है। यह दक्षिण से कुनलुन पर्वत शृंखला, पश्चिम से हिमालय पर्वत की पामीर पर्वत शृंखला से घिरा है। यह ठंडा रेगिस्तान है। यह हिन्द महासागर से वर्षा ले जा रहे बादलों को अवरूद्ध करता है।
गोबी मरूस्थल मंगोलिया में है जो हिमालय शृंखला का भाग नहीं है। इसी प्रकार कराकुम मरूस्थल मध्य एशिया का भाग है जो तुर्कमेनिस्तान में स्थित है।

**54. एक कंप्यूटर में फाइल, फोल्डर आदि के चित्रात्मक निरूपण को _____कहा जाता है।**

(a) आइकॉन (b) शॉर्टकट
(c) टूलबार (d) टास्क बार


**Ans : (a)** जब किसी सॉफ्टवेयर को इंस्टाल किया जाता है तो उसका एक छोटा सा चित्र डेस्क टाप पर दिखाई देने लगता है, जिसे 'आइकॉन' कहते हैं। दूसरे शब्दों में एक कम्प्यूटर में फाइल, फोल्डर आदि के चित्रात्मक निरूपण को 'आइकॉन' कहा जाता है। आइकॉन पर डबल क्लिक करने पर वह खुल जाती है।

**55. चींटियों के हमले से फसलों की सुरक्षा के लिए निम्नलिखित में से किस कीटनाशक का प्रयोग किया जाता है?**

(a) कपूर (b) एंड्रिन
(c) लवण-जल (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans : (a)** चीटियों से फसलों की सुरक्षा के लिए कपूर का उपयोग कीटनाशक के रूप में किया जाता है। इसका कारण कपूर की गंध चीटियों को फसलों से दूर रखती है। चीटियों से फसलों की सुरक्षा के लिए उपयोग किये जाने वाले अन्य पदार्थ केरोसिन का तेल, बेकिंग सोडा, गर्म पानी और लाल मिर्च पाउडर का घोल आदि हैं।

**56. इस यातायात संकेत का अर्थ क्या है?**



(a) आगे खतरा है
(b) वन्य क्षेत्र
(c) रास्ता दें
(d) धीरे चलाएं आगे खतरा है

**Ans : (c)** यातायात संकेत एक अन्तर्राष्ट्रीय संकेत चिन्ह है। इनका प्रयोग यातायात सिग्नलों में किया जाता है। विशेषकर भाषा की समस्या को देखकर इन संकेतों को सबके लिए उपलब्ध कराया गया एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रोटोकाल के तहत संकेत है। यातायात संकेत ▽ का अर्थ है – 'रास्ता दें'।



Teachingninja.in

57. **भारतीय सेना द्वारा आज़ाद कराने से पहले, गोवा एक _____ प्रदेश था।**

(a) फ्रांसीसी (b) पुर्तगाली
(c) डेनिश (d) स्पेनिश

**Ans : (b)** भारतीय सेना द्वारा आजाद कराने से पहले, गोवा एक पुर्तगाली प्रदेश था। 1961ई0 में गोवा एवं दमन–दीव को पुलिस कार्यवाही से तथा दादर एवं नगर हवेली को अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा पुर्तगालियों से प्राप्त कर भारतीय संघ में शामिल किया गया जबकि 1956 में चन्द्रनगर, माहीं, कराईकल, यनम एवं पुडुचेरी को फ्रांस से प्राप्त किया गया।

58. **भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन अधिनियम, 2013 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा वक्तव्य सही है?**

**(A) निजी कंपनियों अथवा सार्वजनिक–निजी भागीदारी फर्मों द्वारा, भूमि अधिग्रहण के मामले में, 90 प्रतिशत विस्थापित लोगों की सहमति आवश्यक है।**

**(B) अगर निजी कंपनियाँ भूमि का बड़ा हिस्सा खरीदती हैं, तो इसके लिए पुनर्वास और पुनर्स्थापन का प्रावधान होना आवश्यक है।**

(a) A और, B दोनों ही नहीं (b) केवल B
(c) A और B, दोनों (d) केवल A

**Ans : (b)** भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापना अधिनियम, 2013 के अनुसार अगर निजी कम्पनियाँ भूमि का बड़ा हिस्सा खरीदती हैं तो इसके लिए पुनर्वास और पुनर्स्थापना का प्रावधान होना आवश्यक है।

59. **भारतीय दंड संहिता के अनुसार निम्न में से कौन-सा निष्कर्ष सही है?**

**(i) 6 वर्ष के एक बच्चे, A ने बहुत सारी मारधाड़ की फिल्में देखी हैं। एक दिन वह बच्चे B को जोर से धक्का दे देता है जिसकी वजह से वह बच्चा बुरी तरह से घायल हो जाता है। A ने कोई अपराध नहीं किया है।**

**(ii) Q ने P को बिना बताए एक नशीला पदार्थ खिला दिया। उस नशीले पदार्थ के प्रभाव में, यह न जानते हुए कि उसके हाथों क्या हो रहा है, P ने R की हत्या कर दी P ने कोई अपराध नहीं किया है।**

(a) केवल (i)
(b) (i) और (ii) दोनों
(c) केवल (ii)
(d) (i) और (ii), दोनों ही नहीं

**Ans : (b)** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 82 के अनुसार कोई बात अपराध नहीं है, जो सात वर्ष से कम आयु के शिशु द्वारा की जाती है। अतः इससे यह स्पष्ट है कि A ने कोई अपराध नहीं किया है तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 85 के अनुसार, ऐसे व्यक्ति का कार्य जो अपनी इच्छा के विरुद्ध मत्तता में होने के कारण निर्णय पर पहुँचने में असमर्थ हो, अपराध नहीं होगा।

60. **साल 1919 में किनकी गिरफ्तारी पर लोग जलियांवाला बाग में इकट्ठा हुए?**

(a) सी आर दास
(b) लाला लाजपत राय
(c) डॉ सत्यपॉल और सैफुद्दीन किचलू
(d) महात्मा गाँधी

**Ans : (c)** जलियांवाला बाग पंजाब के अमृतसर जिले में स्थित है। यह स्थान चारों तरफ से दीवारों से घिरा था, जिसमें आने–जाने का सिर्फ एक रास्ता था। यहाँ पर दो स्थानीय लोकप्रिय नेताओं डॉ0 सत्यपॉल और सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी के विरोध में 13 अप्रैल 1919 ई0 को वैशाखी के दिन एक सभा का आयोजन किया गया। उस समय सैन्य अधिकारी जनरल आर. डायर था। इस सभा में आर. डायर ने बिना किसी पूर्व सूचना के गोलियाँ चलवायी। जिसमें सरकारी रिपोर्ट के अनुसार 379 व्यक्ति मारे गये तथा 1200 व्यक्ति घायल हुए।

61. **किस पौधे का पक्षाघात और मानसिक विकारों के इलाज के लिए प्रयोग किया जाता है?**

(a) रतालू (b) डिजिटालिस
(c) कुचला (d) इसबगोल

**Ans : (c)** कुचला बारहमासी हराभरा रहने वाला एक औषधीय पौधा है जो अधिकतर गरम व पहाड़ी क्षेत्रों (पं0 बंगाल, तमिलनाडु तथा आन्ध्र प्रदेश) में पाया जाता है। इसे 'Poison Nut' के नाम से भी जाना जाता है। इसका प्रयोग पक्षाघात, मानसिक विकार, आमवात, नपुंसकता, बिच्छू डंक में, मधुमेह तथा उदर कृमि के इलाज में होता है।

62. **आम चुनावों की मतदान प्रक्रिया के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा वक्तव्य सही है?**

**(A) चुनाव आयोग के अधिकारी यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक मतदाता को 2 किलोमीटर के भीतर एक मतदान केंद्र मिले।**

**(B) चुनाव आयोग के अधिकारी यह सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी मतदान केंद्र को 1500 से अधिक मतदाताओं का भार न उठाना पड़े।**

(a) केवल B (b) A और B, दोनों
(c) A और B, दोनों ही नहीं (d) केवल A

**Ans : (b)** चुनाव आयोग के रिटर्निंग अधिकारी के लिए हस्तपुस्तिका के अध्याय –II के पैरा 3 के अनुसार, मतदान केन्द्र इस प्रकार स्थापित किये जाने चाहिये कि साधारणतः मतदाता को अपने मतदान केन्द्र तक पहुँचने के लिए 2 किमी. से अधिक यात्रा न करनी पड़े तथा हस्तपुस्तिका के अध्याय–II के पैरा 2 में निहित निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार एक मतदान केन्द्र में लगभग 1000–1200 तक निर्वाचनों को कवर करते हुए सुनिर्धारित मतदान क्षेत्र के लिए उपलब्ध करवाना चाहिये यद्यपि वर्तमान में निर्वाचकों की संख्या प्रति मतदान केन्द्र 1500 तक बढ़ा दी गई है। अतः वक्तव्य A और B दोनों सही हैं।

63. **भारत में पहले कवि के रूप में किसे श्रद्धेय माना जाता है?**

(a) वेद व्यास (b) तोलकप्पियर
(c) कल्कि (d) वाल्मीकि

**Ans : (d)** महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत भाषा के आदिकवि तथा भारत के पहले कवि के रूप में माना जाता है। इन्होंने हिन्दुओं के आदिकाव्य 'रामायण' की रचना की है। ये सतयुग से संबंधित हैं। जबकि तोलकप्पियर द्वितीय संगम काल के कवि थे तथा इन्होंने तमिल भाषा के प्राचीनतम व्याकरण ग्रंथ 'तोल्काप्पियम' की रचना की। वेदव्यास हिन्दुओं के प्रसिद्ध धार्मिक महाकाव्य महाभारत के रचयिता माने जाते हैं।

64. **30 नवंबर 2017 को, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री कौन थे?**

(a) सैयद शाहनवाज़ हुसैन (b) नजमा हेपतुल्ला
(c) राकेश गर्ग (d) मुख़्तार अब्बास नक़वी



Teachingninja.in

57. **भारतीय सेना द्वारा आज़ाद कराने से पहले, गोवा एक ______ प्रदेश था।**

(a) फ्रांसीसी (b) पुर्तगाली
(c) डेनिश (d) स्पेनिश

**Ans : (b)** भारतीय सेना द्वारा आजाद कराने से पहले, गोवा एक पुर्तगाली प्रदेश था। 1961ई0 में गोवा एवं दमन–दीव को पुलिस कार्यवाही से तथा दादर एवं नगर हवेली को अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा पुर्तगालियों से प्राप्त कर भारतीय संघ में शामिल किया गया जबकि 1956 में चन्द्रनगर, माहीं, कराईकल, यनम एवं पुडुचेरी को फ्रांस से प्राप्त किया गया।

58. **भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन अधिनियम, 2013 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा वक्तव्य सही है?**

**(A) निजी कंपनियों अथवा सार्वजनिक–निजी भागीदारी फर्मों द्वारा, भूमि अधिग्रहण के मामले में, 90 प्रतिशत विस्थापित लोगों की सहमति आवश्यक है।**

**(B) अगर निजी कंपनियाँ भूमि का बड़ा हिस्सा खरीदती हैं, तो इसके लिए पुनर्वास और पुनर्स्थापन का प्रावधान होना आवश्यक है।**

(a) A और, B दोनों ही नहीं (b) केवल B
(c) A और B, दोनों (d) केवल A

**Ans : (b)** भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापना अधिनियम, 2013 के अनुसार अगर निजी कम्पनियाँ भूमि का बड़ा हिस्सा खरीदती हैं तो इसके लिए पुनर्वास और पुनर्स्थापना का प्रावधान होना आवश्यक है।

59. **भारतीय दंड संहिता के अनुसार निम्न में से कौन-सा निष्कर्ष सही है?**

**(i) 6 वर्ष के एक बच्चे, A ने बहुत सारी मारधाड़ की फिल्में देखी हैं। एक दिन वह बच्चे B को जोर से धक्का दे देता है जिसकी वजह से वह बच्चा बुरी तरह से घायल हो जाता है। A ने कोई अपराध नहीं किया है।**

**(ii) Q ने P को बिना बताए एक नशीला पदार्थ खिला दिया। उस नशीले पदार्थ के प्रभाव में, यह न जानते हुए कि उसके हाथों क्या हो रहा है, P ने R की हत्या कर दी P ने कोई अपराध नहीं किया है।**

(a) केवल (i)
(b) (i) और (ii) दोनों
(c) केवल (ii)
(d) (i) और (ii), दोनों ही नहीं

**Ans : (b)** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 82 के अनुसार कोई बात अपराध नहीं है, जो सात वर्ष से कम आयु के शिशु द्वारा की जाती है। अतः इससे यह स्पष्ट है कि A ने कोई अपराध नहीं किया है तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 85 के अनुसार, ऐसे व्यक्ति का कार्य जो अपनी इच्छा के विरुद्ध मत्तता में होने के कारण निर्णय पर पहुँचने में असमर्थ हो, अपराध नहीं होगा।

60. **साल 1919 में किनकी गिरफ्तारी पर लोग जलियांवाला बाग में इकट्ठा हुए?**

(a) सी आर दास
(b) लाला लाजपत राय
(c) डॉ सत्यपॉल और सैफुद्दीन किचलू
(d) महात्मा गाँधी

**Ans : (c)** जलियांवाला बाग पंजाब के अमृतसर जिले में स्थित है। यह स्थान चारों तरफ से दीवारों से घिरा था, जिसमें आने–जाने का सिर्फ एक रास्ता था। यहाँ पर दो स्थानीय लोकप्रिय नेताओं डॉ0 सत्यपॉल और सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी के विरोध में 13 अप्रैल 1919 ई0 को वैशाखी के दिन एक सभा का आयोजन किया गया। उस समय सैन्य अधिकारी जनरल आर. डायर था। इस सभा में आर. डायर ने बिना किसी पूर्व सूचना के गोलियाँ चलवायी। जिसमें सरकारी रिपोर्ट के अनुसार 379 व्यक्ति मारे गये तथा 1200 व्यक्ति घायल हुए।

61. **किस पौधे का पक्षाघात और मानसिक विकारों के इलाज के लिए प्रयोग किया जाता है?**

(a) रतालू (b) डिजिटालिस
(c) कुचला (d) इसबगोल

**Ans : (c)** कुचला बारहमासी हराभरा रहने वाला एक औषधीय पौधा है जो अधिकतर गरम व पहाड़ी क्षेत्रों (पं0 बंगाल, तमिलनाडु तथा आन्ध्र प्रदेश) में पाया जाता है। इसे 'Poison Nut' के नाम से भी जाना जाता है। इसका प्रयोग पक्षाघात, मानसिक विकार, आमवात, नपुंसकता, बिच्छू डंक में, मधुमेह तथा उदर कृमि के इलाज में होता है।

62. **आम चुनावों की मतदान प्रक्रिया के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा वक्तव्य सही है?**

**(A) चुनाव आयोग के अधिकारी यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक मतदाता को 2 किलोमीटर के भीतर एक मतदान केंद्र मिले।**

**(B) चुनाव आयोग के अधिकारी यह सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी मतदान केंद्र को 1500 से अधिक मतदाताओं का भार न उठाना पड़े।**

(a) केवल B (b) A और B, दोनों
(c) A और B, दोनों ही नहीं (d) केवल A

**Ans : (b)** चुनाव आयोग के रिटर्निंग अधिकारी के लिए हस्तपुस्तिका के अध्याय –II के पैरा 3 के अनुसार, मतदान केन्द्र इस प्रकार स्थापित किये जाने चाहिये कि साधारणतः मतदाता को अपने मतदान केन्द्र तक पहुँचने के लिए 2 किमी. से अधिक यात्रा न करनी पड़े तथा हस्तपुस्तिका के अध्याय–II के पैरा 2 में निहित निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार एक मतदान केन्द्र में लगभग 1000–1200 तक निर्वाचनों को कवर करते हुए सुनिर्धारित मतदान क्षेत्र के लिए उपलब्ध करवाना चाहिये यद्यपि वर्तमान में निर्वाचकों की संख्या प्रति मतदान केन्द्र 1500 तक बढ़ा दी गई है। अतः वक्तव्य A और B दोनों सही हैं।

63. **भारत में पहले कवि के रूप में किसे श्रद्धेय माना जाता है?**

(a) वेद व्यास (b) तोलकप्पियर
(c) कल्कि (d) वाल्मीकि

**Ans : (d)** महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत भाषा के आदिकवि तथा भारत के पहले कवि के रूप में माना जाता है। इन्होंने हिन्दुओं के आदिकाव्य 'रामायण' की रचना की है। ये सतयुग से संबंधित हैं। जबकि तोलकप्पियर द्वितीय संगम काल के कवि थे तथा इन्होंने तमिल भाषा के प्राचीनतम व्याकरण ग्रंथ 'तोल्काप्पियम' की रचना की। वेदव्यास हिन्दुओं के प्रसिद्ध धार्मिक महाकाव्य महाभारत के रचयिता माने जाते हैं।

64. **30 नवंबर 2017 को, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री कौन थे?**

(a) सैयद शाहनवाज़ हुसैन (b) नजमा हेपतुल्ला
(c) राकेश गर्ग (d) मुख़्तार अब्बास नक़वी



Teachingninja.in

**Ans : (d)** 30 नवम्बर 2017 को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी थे जिन्हें वर्तमान में जून 2019 में गठित मोदी सरकार में भी उसी पद पर नियुक्त किया गया है।

**65. ______भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा प्रस्तुत की गई एक संकल्पना है जिसमें एक व्यक्ति कारोबार प्रचार वाले फोन और संदेश रोकने के लिए अपने फ़ोन का विवरण पंजीकृत करा सकता है।**

(a) उत्पीड़न–रोधी पंजी (b) परेशान न करें
(c) निजता निगरानी (d) स्पैम फिल्टर

**Ans : (b)** 'परेशान न करें' (Do not disturb) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण 'ट्राई' द्वारा प्रस्तुत की गई एक संकल्पना है, जिसमें एक व्यक्ति कारोबार प्रचार वाले फोन और संदेश रोकने के लिए अपने फोन का विवरण पंजीकृत करा सकता है जिसके बाद अनचाहे विपणन संदेशों को प्राप्त करने की संभावना लगभग शून्य हो जाती है।

**66. ''स्वच्छ साथी'' कार्यक्रम का ब्रांड एंबेसडर कौन है?**

(a) पी.वी. सिंधू (b) दीपिका पादुकोण
(c) प्रियंका चोपड़ा (d) दिया मिर्जा

**Ans : (d)** स्वच्छ भारत के युवा आधारित कार्यक्रम 'स्वच्छ साथी' का ब्रांड एम्बेसडर बॉलीवुड अभिनेत्री दिया मिर्जा को बनाया गया है। इस कार्यक्रम के तहत 2000 युवाओं को 'प्रशिक्षु' के रूप में शामिल किया जायेगा, जो देश के 10,000 स्कूलों के साथ संपर्क करेंगे तथा उन स्कूलों में सभी विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत की शपथ दिलायेंगे।

**67. निम्नलिखित में से कौन–सा विषय राज्य सूची के अंतर्गत आता है?**

(a) राज्य की सुरक्षा संबंधी कारणों से निवारक नजरबंदी
(b) बाज़ार और मेले
(c) विवाह और तलाक
(d) वन्य पशु एवं पक्षी संरक्षण

**Ans : (b)** संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत केन्द्र एवं राज्यों के संदर्भ में तीन अनुसूचियों का उल्लेख हैं–
**(i) संघ सूची–** इस सूची में दिये गये विषयों पर कानून बनाने का अधिकार संघ (संसद) को है। वर्तमान में इसमें 100 विषय हैं। इसमें से प्रमुख है– रक्षा, विदेशी मामले, मुद्रा व सिक्के, युद्ध, रेलवे, नौ परिवहन, परमाणु शक्ति, जनगणना आदि।
**(ii) राज्य सूची–** इस सूची में दिये गये विषयों पर कानून बनाने का अधिकार राज्य विधानमंडल को है। विशेष परिस्थितियों में संसद भी इन विषयों पर कानून बना सकती है। वर्तमान में इसमें 61 विषय है जिसमें सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस न्याय प्रशासन, जेल, मद्यपदार्थ, बाजार और मेलें, स्वास्थ्य आदि प्रमुख हैं।
**(iii) समवर्ती सूची–** इस सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार संसद व राज्य दोनों को है। वर्तमान में इसमें 52 विषय हैं।

**68. किस वर्ष भारतीय वन सेवा की स्थापना हुई?**

(a) 1947 (b) 1950
(c) 1951 (d) 1966

**Ans : (d)** भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के साथ भारतीय वन सेवा (आई.एफ.एस.) तीन अखिल भारतीय सेवाओं में एक हैं। इसकी स्थापना 'अखिल भारतीय सेवा अधिनियम 1951' के अंतर्गत 1966 ई0 में की गयी। इसका मुख्य उद्देश्य वनों का वैज्ञानिक प्रबंधन करना था जिसका लाभ मुख्यतः काष्ठ उत्पादों की प्राप्ति में स्थायी रूप से किया जा सके।

**69. निम्नलिखित स्त्रोतों में से किसके माध्यम से पौधे हाइड्रोजन प्राप्त करते हैं?**

(a) मृदा जल (b) धूप
(c) मृदा (d) वायु

**Ans : (a)** पौधे मृदा द्वारा अवशोषित जल से हाइड्रोजन प्राप्त करते हैं। पौधे मिट्टी से जड़ के मूलरोमों द्वारा जल को अवशोषित कर प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया संचालित करते हैं। जल, प्रकाश संश्लेषण की क्रिया का कच्चा माल है। स्थलीय पौधे इसे मिट्टी से जड़ के मूल रोमों द्वारा प्राप्त करते हैं जबकि जलीय पौधे इसे अपने जल के सम्पर्क वाले भागों के बाह्य सतह से प्राप्त करते हैं।

**70. प्रत्यवस्फीति का अर्थ है:**

(a) सामान्य कीमत स्तर में वृद्धि जो अक्सर धन या ऋण की आपूर्ति में कमी की वजह से होती है।
(b) मुद्रास्फीति दर में कमी
(c) सामान्य कीमत स्तर में गिरावट जो अक्सर धन या ऋण की आपूर्ति में कमी की वजह से होती है।
(d) सरकार की ओर से एक मौद्रिक हस्तक्षेप के माध्यम से अपस्फीति का सुविचारित व्युत्क्रमण

**Ans : (d)** प्रत्यवस्फीति का अर्थ– सरकार की ओर से एक मौद्रिक हस्तेक्षप के माध्यम से अवस्फीति का सुविचारित व्युत्क्रमण करना है। अर्थात् जब मंदी के परिणामों को दूर करने के लिए जानबूझकर मुद्रा का विस्तार किया जाता है तो उसे मुद्रा प्रत्यवस्फीति कहते हैं। मूल्यों की वृद्धि के साथ–साथ रोजगार, उत्पादन व आय में वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था पूर्ण रोजगार अवस्था की स्थिति को प्राप्त कर लेती है।

**71. 30 नवंबर 2017 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की मंत्री कौन थीं?**

(a) मेनका गांधी (b) स्मृति ईरानी
(c) नजमा हेपतुल्ला (d) उमा भारती

**Ans : (a)** 30 नवम्बर 2017 को महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गाँधी थी। मई–जून 2019 में गठित मोदी सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी को बनाया गया है।

**72. 9 दिसंबर, 1946 को नई दिल्ली में संविधान सभा की पहली बैठक, संविधान सभागृह में हुई, जिसे अब ____ कहा जाता है।**

(a) संसद भवन का केंद्रीय कक्ष (b) लोकसभा कक्ष
(c) राज्यसभा कक्ष (d) पुस्तकालय भवन

**Ans : (a)** 9 दिसम्बर 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक 'सच्चिदानंद सिन्हा' की अध्यक्षता (अस्थायी) में नई दिल्ली के संविधान सभागृह में हुई थी, जिसे अब संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष के रूप में जाना जाता है। इस बैठक में मुस्लिम लीग ने भाग नहीं लिया था। 11 दिसम्बर, 1946 को डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

**73. निम्नलिखित में से कौन चिपको आंदोलन के साथ जुड़ा हुआ था?**

**(A) सुंदरलाल बहुगुणा (B) चण्डी प्रसाद भट्ट**
**(C) मेधा पाटेकर (D) विनोबा भावे**

(a) A और **D** (b) B और C
(c) A और C (d) A और B

**Ans : (d)** 26 मार्च 1974 ई0 को उत्तराखण्ड के वनों में शांत और अहिंसक विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य व्यवसाय के लिए हो रही वनों की कटाई को रोकना था और इसे रोकने के लिए महिलाएं वृक्षों से चिपककर खड़ी हो गयी थी, जिसे 'चिपको आंदोलन' के नाम से जाना गया। इस आंदोलन के प्रणेता



Teachingninja.in

सुन्दर लाल बहुगुणा और कार्यकर्ता मुख्यतः ग्रामीण महिलाएं थी। चन्डी प्रसाद भट्ट एक पर्यावरणविद व सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिहोंने 1964 में 'दमोली ग्राम स्वराज्य संघ' की स्थापना की जो कालान्तर में चिपको आंदोलन की मातृ संस्था बनी जबकि मेधा पाटेकर 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' से तथा विनोवा भावे 'भूदान आंदोलन' से संबंधित हैं।

**74. गरीबी रेखा से नीचे के लोगों का अनुपात____द्वारा अनुमानित किया जाता है।**

(a) गरीबी सूचकांक (b) लोंगो की संख्या के अनुपात
(c) विसमूहन सूचक (d) गरीबी रेखा से नीचे

**Ans : (b)** गरीबी रेखा से नीचे जीवन बिता रहे लोगों का अध्ययन राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एन.एस.एस.ओ.) करता है। निर्धनों की संख्या ज्ञात करने हेतु काउंट विधि का प्रयोग किया जाता है। इस विधि के अनुसार किसी देश के कुल निर्धनों तथा कुल जनसंख्या के अनुपात में 100 से गुणा करके निर्धनता की संख्या का आधिकारिक गुणांक प्राप्त होता है।

$$\text{संख्या आधारित गुणांक} = \frac{\text{देश में निर्धनों की संख्या}}{\text{देश की कुल जनसंख्या}} \times 100$$

**75. ''लोकपाल'' एक संस्कृत शब्द है, हिंदी में जिसका अर्थ है ____**

(a) लोगों द्वारा नियुक्त (b) दुनिया के न्यायाधीश
(c) लोगों की देखभाल करने वाला (d) नागरिकों की पसंद

**Ans : (c)** 'लोकपाल' एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ 'लोगों की देखभाल करने वाला' होता है। वर्तमान में लोकपाल उच्च सरकारी पदों पर आसीन व्यक्तियों द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार की शिकायते सुनने एवं उस पर कार्यवाही करने के निमित्त पद है। वर्तमान में देश के पहले लोकपाल के पद पर पी.सी. घोष को नियुक्त किया गया है।

**76. राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन–सा सही है?**

**(A) दोनों सदनों के सदस्य बहस में हिस्सा लेते हैं, परंतु केवल राज्यसभा के सदस्यों को मत देने का अधिकार है।**

**(B) राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग तभी लाया जा सकता है, जब वे राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य सिद्ध हो जायें या फिर वित्तीय अनियमितता में लिप्त पाये जायें।**

(a) A और B, दोनों (b) केवल B
(c) केवल A (d) A और B, दोनों ही नहीं

**Ans : (d)** राष्ट्रपति द्वारा संविधान का अतिक्रमण करने पर उसे महाभियोग (अनु 61) लगाकर हटाया जा सकता है। महाभियोग का संकल्प संसद के किसी भी सदन द्वारा प्रारम्भ किया जा सकता है, लेकिन जिस सदन द्वारा महाभियोग प्रारम्भ किया जायेगा उसे एक चौथाई सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित आरोप पत्र राष्ट्रपति को 14 दिन पूर्व देना आवश्यक है। संकल्प प्रस्ताव को पहला सदन अपनी सदस्य संख्या के कम से कम दो तिहाई बहुमत द्वारा पारित कर दूसरे सदन को भेजता है। दूसरा सदन आरोप की जाँच कर अपनी कुल सदस्य संख्या के दो तिहाई बहुमत द्वारा संकल्प प्रस्ताव को पारित कर देता है तो महाभियोग की कार्यवाही पूरी हो जाती है और राष्ट्रपति को पद छोड़ना पड़ता है। अतः कथन (a) और (b) दोनों गलत है।

**77. किस न्यायिक मामले में उच्चत्तम न्यायालय ने यह माना कि पहली शादी के रहते हुए भी दूसरी शादी करना एक, दंडनीय अपराध है, हालांकि इससे दूसरी शादी अमान्य नहीं होगी?**

(a) सरला मुद्गल बनाम भारत संघ
(b) पी.ए. इ बाँध ईनामदार बनाम महाराष्ट्र राज्य
(c) मध्य प्रदेश राज्य बनाम मदनलाल
(d) समता बनाम आंध्र प्रदेश राज्य

**Ans : (a)** सरला मुद्गल बनाम भारत संघ के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह माना कि पहली शादी के रहते हुए दूसरी शादी करना एक दण्डनीय अपराध है, हालांकि इससे दूसरी शादी अमान्य नहीं होगी।

**78. किन्हें ''जनहित याचिकाओं की जननी'' कहा जाता है, जिन्होंने अदालतों में 100 से भी अधिक जनहित याचिकायें दायर की हैं, जिनमें प्रमुख हैं प्रख्यात भागलपुर अंखफोड़वा कांड तथा विचाराधीन कैदी मामला?**

(a) लिली थॉमस (b) इंदिरा जयसिंह
(c) पुष्पा कपिला हिंगोरानी (d) हुसैनारा खातून

**Ans : (c)** पुष्पा कपिला हिंगोरानी को '' जनहित याचिका की जननी'' कहा जाता हैं। इनके द्वारा अदालतों में 100 से भी अधिक जनहित याचिकायें दायर की गयी है, जिनमें प्रमुख हैं– प्रख्यात भागलपुर अंखफोड़वा कांड तथा विचाराधीन कैदी मामला। 2013 में इनकी मृत्यु हो गई।

**79. हिन्द महासागर कृत्रिम रूप से किस नहर के माध्यम से भूमध्य सागर से जुड़ा है?**

(a) स्वेज़ नहर (b) बाल्टिक सागर नहर
(c) वैलंड नहर (d) कील नहर

**Ans : (a)** स्वेज नहर विश्व की सबसे बड़ी जहाजी नहर है, जो लाल सागर (जो कि हिन्द महासागर का हिस्सा है) को भूमध्य सागर से जोड़ती है तथा मिस्त्र की नील नदी घाटी के निचले भाग को सिनाई प्रायद्वीप से अलग करता है। 165 किमी. लम्बे इस नहर का निर्माण कार्य 1859 ई. में फ्रांसीसी इंजीनियर फर्डीनेंड द लेसेप्स के नेतृत्व में शुरु हुआ।

**80. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80(1) के अनुसार, राज्यसभा की संरचना में निहित है**

**(A) राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत बारह सदस्य।**

**(B) राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के, अधिकतम दो सौ अड़तीस प्रतिनिधि।**

(a) केवल A (b) A और B दोनों ही नहीं
(c) A और B दोनों (d) केवल B

**Ans : (c)** अनु. 80 में राज्यसभा की संरचना का उल्लेख है। इसके अनुसार राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 होगी, जिसमें राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत 12 सदस्य तथा राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के अधिकतम 238 प्रतिनिधि शामिल होंगे। राज्यसभा में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों का उल्लेख चौथी अनुसूची में किया गया है, इस अनुसूची में केवल 233 प्रतिनिधियों का उल्लेख है, जिससे स्पष्ट होता है कि वर्तमान में राज्य सभा की प्रभावी संख्या 245(233+12) है, जिन 12 सदस्यों को राष्ट्रपति मनोनीत करता है, वे कला, साहित्य, विज्ञान, तथा समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष अनुभव रखते हैं।



Teachingninja.in

## मानसिक अभिरूचि/बुद्धिलब्धि/तार्किक परीक्षण

**81. उस विकल्प का चयन करें जो अन्य से भिन्न है**

(a) मणिपुरी (b) गरबा
(c) कथकली (d) ओडिसी


**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में गरबा अन्य तीन से भिन्न है, क्योंकि गरबा को छोड़कर अन्य तीन सांस्कृतिक नृत्य है, जबकि गरबा लोकनृत्य है।

**82. दिए गए विकल्पों में से दूसरी जोड़ी के लिए सापेक्ष शब्द का चयन करें जो पहली जोड़ी से संबंध का अनुसरण करते हुए प्रश्न चिन्ह (?) की जगह लेगा:**


**CROW : XILD :: MONKEY : ?**

(a) NLMPVB (b) NLMQVB
(c) NLMPUB (d) NJMPVB

**Ans : (a)** जिस प्रकार,




उसी प्रकार,





नोट- दिये गये अक्षर एक एक दूसरे के विपरीत है। चूंकि विपरीत अक्षरों के अंकों का योग 27 होता है।
उदाहरण = C व X
3+24 = 27

**83. N, I की इकलौती बेटी है। I की शादी हुई है J से। अगर J पिता है K का, तो K का N से क्या संबंध है?**

(a) भाई (b) बेटी
(c) बेटा (d) पत्नी

**Ans : (a)**




अतः विकल्पानुसार, चित्र से स्पष्ट है कि K, N का भाई है।

**84. दिए गए विकल्पों में से दूसरी जोड़ी के लिए सापेक्ष शब्द का चयन करें जो पहली जोड़ी में संबंध का अनुसरण करते हुए प्रश्न चिन्ह (?) की जगह लेगा:**

**BONE: ORTHOPAEDIST :: CANCER : ______**

(a) HEPATOLOGIST (b) ONCOLOGIST
(c) NEPHROLOGIST (d) HEMATOLOGIST

**Ans : (b)** जिस प्रकार Bone (हड्डी) का विशेषज्ञ Opthopaedist होता है। ठीक उसी प्रकार Cancer का विशेषज्ञ Oncologist होता है।

**85. नीचे दिये सवाल में दो कथन I और II हैं। तय करें, क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं? दोनों कथनों को पढ़ें और अपना जवाब दें।**

**सवाल: सात लोग कुना, कमल, शिव, नवीन, तरूण, राजेश और विजय एक पंक्ति में पूर्व की ओर मूह किये खड़े हैं। चरम दाएं अंत में कौन खड़ा है?**

**I. केवल कमल विजय और कुना के बीच है। नवीन विजय के तत्काल दाएं में हैं।**

**II. नवीन विजय और शिव के बीच है। तरुण कुना के तत्काल बाएं खड़ा है।**

(a) कथन II में उपलब्ध तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(b) कथन I में उपलब्ध तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(c) कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(d) कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

**Ans : (d)** कथन I व II को मिलाकर केवल 6 लोगों का जिक्र किया गया है, जबकि एक अन्य राजेश जिसका जिक्र नहीं किया गया है। अतः कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
**नोट**–आयोग ने विकल्प (c) सही उत्तर माना है।

**86. नीचे दिए गए सवाल में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II दिये गए हैं। आपको कथन में सब कुछ सच मानना है और फिर दो पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है कि उनमें से कौन–सा तार्किक रूप से किसी भी संदेह से परे, कथन में दी गई जानकारी का अनुसरण करता है।**

**कथन:**
**भारत, दुनिया के कुल आईटी उद्योग में 55% बाजार की हिस्सेदारी रखता है।**

**पूर्वानुमान:**

**I. विदेशी कंपनियां सस्ते श्रम की उपलब्धता के कारण ही भारत को पसंद करती हैं।**

**II. केंद्र सरकार ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों को उनकी प्रगति के लिए विभिन्न सब्सिडी प्रदान की है।**

(a) दोनों पूर्वानुमान I और II अंतर्निहित है।
(b) केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित हैं।
(c) न पूर्वानुमान I और न II अंतर्निहित हैं।
(d) केवल पूर्वानुमान II अंतर्निहित है।

**Ans : (c)** कथन के अनुसार भारत दुनिया के कुल आई.टी उद्योग में 55 प्रतिशत बाजार की हिस्सेदारी रखता है जबकि कथन में न, तो सस्ते श्रमिकों और न ही केन्द्र सरकार द्वारा बहुर्राष्ट्रीय कंपनियों को उनकी प्रगति के लिए दी गयी सब्सिडी का उल्लेख है। अतः न पूर्वानुमान I और न II अंतर्निहित हैं।


**87. पांच दोस्त एक गोलाकार व्यवस्था में केंद्र की ओर मुंह किये बैठे हैं। C, D के बाईं ओर दूसरा है, जो B के बिल्कुल दाएं पर है, जो A के दायीं तरफ तीसरे स्थान पर है। D अन्य दोस्तों के सन्दर्भ में कहाँ बैठा होगा?**

(a) C और B के बीच (b) C के बिल्कुल दायीं ओर
(c) A और C के बीच (d) A और B के बीच



Teachingninja.in

**Ans : (d)**




गोलाकार व्यवस्था में केन्द्र की ओर मुंह करके बैठने से स्पष्ट है कि D, A व B के मध्य में बैठा हुआ है।

**88. एक निश्चित कूट भाषा मे 'TAXATION' को '5' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'BUSINESS' को कैसे लिखा जाता है?**


(a) 2 (b) 5
(c) 6 (d) 7

**Ans : (c)** TAXATION में व्यंजन = TXTN → 4 अक्षर
स्वर = AAIO → सम्पूर्ण स्वरों को एक मानने पर अर्थात 1 अक्षर
व्यंजन + स्वर
4+1 = 5
इसी प्रकार, BUSINESS में, व्यंजन = BSNSS = 5 अक्षर
स्वर = UIE = सम्पूर्ण स्वरों को एक मानने पर अर्थात 1 अक्षर
व्यंजन + स्वर
5+1 = 6

**89. सेलवम और नवीन एक निश्चित बिंदु से चलते हैं। सेलवम 7 किमी दक्षिण में जाता है और फिर बाएं मुड़कर 5 किमी चलता है। नवीन 5 किमी पूर्व में जाता है और बाएं मुड़कर 5 किमी चलता है। दोनों एक दूसरे से कितनी दूर हैं?**

(a) 17 किमी (b) 22 किमी
(c) 15 किमी (d) 12 किमी

**Ans : (d)** गमन पथ निम्नवत् है–






EC = CD+DE
= 7 किमी +5किमी
= 12 किमी.


**90. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए अन्य विकल्पों से भिन्न है।**

(a)



(b)



(c)


(d)


**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में से विकल्प (b) भिन्न है चूंकि दिये गये तीन विकल्पों में प्रतीक और अक्षर एक दूसरे के विकर्णवत मिल रहे है,जबकि विकल्प (b) में एक दूसरे के ऊपर-नीचे है।

**91. निम्नलिखित कथनों को पढ़े और जवाब दें निम्नलिखित में से कौन सा तर्क मज़बूत है?**

**कथन : क्या भारतीय सरकार को अनाथालयो का सहारा देना चाहिए?**

**तर्क :**


**(I) हाँ। खराब आर्थिक और सामाजिक स्थिति सरकार के सहारे की आवश्यकता को इंगित करती है।**


**(II) नहीं। फर्जी गैर सरकारी संगठन पनपते हैं और सरकारी धन का दुरुपयोग करते हैं।**


(a) केवल तर्क II मजबूत है
(b) न तो तर्क I न ही तर्क II मजबूत है
(c) केवल तर्क I मजबूत है
(d) दोनों तर्क I और तर्क II मजबूत हैं


**Ans : (d) तर्क I→** भारत सरकार द्वारा आर्थिक व सामाजिक स्थिति को सहारा देने के लिए अनाथालयों को सहारा देना चाहिए। अतः तर्क I मजबूत हैं।
**तर्क II→** के अनुसार भारत के बहुत सी श्रेणियाँ इन नीतियों का दुरूपयोग करती हैं, जिससे सरकारी धन का दुरूपयोग होता है। अतः तर्क II भी मजबूत हैं।

**92. विकल्पों में निम्न में से कौन सा आरेख पोशाक, साड़ी, शर्ट के बीच सम्बन्ध को दर्शाता है**

(a)


(b)


(c)


(d)


**Ans : (c)**




अतः विकल्प (c) सही है।

**93. दी गयी श्रृंखला में से असंगत अक्षर ज्ञात करें**
**13−280, 14−237, 15−276, 16−272**


(a) 15−276 (b) 16−272
(c) 13−280 (d) 14−237

**Ans : (b)** 272, 16 से पूर्णतः विभाजित है, जबकि अन्य में दूसरी संख्या, पहली संख्या से पूर्णतः विभाज्य नही है।

**94. चित्र में एक लड़की की ओर इशारा करते हुए सीता ने कहा,"उसकी मां का पिता, मेरी बहन का दादा/नाना है, जबकि उसकी मां उसके दादा/नाना की इकलौती बच्ची है। सीता का उस लड़की से क्या संबंध है?**

(a) बहन (b) भांजी/भतीजी (c) मां (d) भाभी

**Ans : (a)**








अतः चित्र से स्पष्ट है कि सीता उस लड़की की बहन है।




Teachingninja.in

**95.** **विकल्पों में निम्न में से कौन–सा आरेख त्वचा, कोशिका, मेलेनिन के बीच सम्बन्ध को दर्शाता है**

(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

**Ans : (b)**







**96.** **उस विकल्प का चयन करें जो अन्य से भिन्न है**

(a) भूटान (b) सेशेल्स
(c) मालदीव (d) नेपाल

**Ans : (b)** दिये गये विकल्प में विकल्प (b) भिन्न है। अन्य विकल्प एशिया महाद्वीप में स्थित है, जबकि सेशेल्स अफ्रीका महाद्वीप में स्थित है।

**97.** **दिए गए विकल्पों में से आकृति का चयन करें जहां बिंदु/बिंदुओं को उस ढंग से रखा जा सकता है जैसे बिंदु/बिंदुओं को नीचे दी गयी आकृति में रखा गया है।**



(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

**Ans : (a)** प्रश्न और विकल्प (a) दोनों में बिन्दुओं को एक-समान रूप से रखा जा सकता है।

**98.** **दिए गए विकल्पों में से उस शब्द का चयन करें जिसका, दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग कर गठन नहीं किया जा सकता:**

**Chemiluminescent**


(a) SELENE (b) LUMICHEL
(c) MILANESE (d) HIEMS

**Ans : (c)** Chemiluminescent का उपयोग करके शब्द Milanese नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि दिये गये शब्द में अक्षर "A" का प्रयोग नहीं किया गया है।

**99.** **शीला पूर्व की तरफ मुंह किये खड़ी है। वह $90^0$ वामावर्त दिशा में घूमती है और फिर $225^0$ दक्षिणावर्त दिशा में घूमती है। अब शीला किस तरफ मुंह किये खड़ी है?**

(a) उत्तर–पश्चिम (b) दक्षिण–पूर्व
(c) उत्तर–पूर्व (d) दक्षिण–पश्चिम

**Ans : (d)**





चित्र से स्पष्ट है कि अब शीला द.-प. की ओर मुह करके खड़ी है।

**100.** दी गयी शृंखला में जो असंगत अक्षर है उसे ज्ञात करें

**B, H, J, Q, Z**

(a) Z (b) E
(c) H (d) Q





**Ans : (c)** शृंखला निम्नवत् है,




स्पष्ट है कि अक्षर H असंगत है, उसके स्थान पर E होना चाहिए।

**101.** **दिए गए विकल्पों में से आकृति का चयन करें जहां बिंदु/बिंदुओं को उस ढंग से रखा जा सकता है जैसे बिंदु/बिंदुओं को नीचे दी गयी आकृति में रखा गया है।**



(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

**Ans : (d)** विकल्प (d) में बिंदुओं को प्रश्न आकृति के समान रखा जा सकता है।

**102.** **नीचे दिए गए सवाल में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II दिये गए हैं। आपको कथन में सब कुछ सच मानना है और फिर दो पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है कि उनमें से कौन–सा तार्किक रूप से किसी भी संदेश से परे, कथन में दी गई जानकारी का अनुसरण करता है।**

**कथन :**

**जो छात्र रिकॉर्ड बुक प्रस्तुत नहीं करते उन्हें प्रैक्टिकल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

**पूर्वानुमान:**

**I.** **प्रैक्टिकल परीक्षा में भाग लेने के लिए रिकार्ड बुक अनिवार्य है।**

**II.** **प्रैक्टिकल परीक्षा–एक छात्र को एक विषय में तकनीकी रूप से मजबूत बनाती है।**



Teachingninja.in

(a) केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित है
(b) दोनों पूर्वानुमान I और II अंतर्निहित हैं
(c) न पूर्वानुमान I और न II अंतर्निहित हैं
(d) केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित है।

**Ans : (d)** कथनानुसार रिकॉर्ड बुक जमा नहीं करने पर प्रैक्टिकल परीक्षा में उपस्थित नहीं होने दिया जायेगा। इस कथन से यह स्पष्ट है कि प्रैक्टिकल परीक्षा में भाग लेने के लिए रिकॉर्ड बुक जमा करना आवश्यक है। अतः पूर्वानुमान I अंतर्निहित है जबकि पूर्वानुमान II में किसी भी तरह से कथन से संबंधित नहीं है।

**103. निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान क्या आएगा?**

**5, 11, 19, 29, ?**

(a) 39 (b) 43
(c) 49 (d) 41

**Ans : (d)**

5 11 19 29 [41]
+6 +8 +10 +12

अतः ? = [41]

**104. निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?**

**2, 7, 16, 29, ?**

(a) 51 (b) 44
(c) 46 (d) 48

**Ans : (c)**

2 7 16 29 [46]
+5 +9 +13 +17

अतः ? = [46]

**105. एक निश्चित कूट भाषा में 'SMART' को 'QOYTR' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'PRIME' को कैसे लिखा जाता है?**

(a) LTGOG (b) NTGOG
(c) NTGOC (d) CTGON

**Ans : (c)** जिस प्रकार,

S M A R T → Q O Y T R
(−2, +2, −2, +2, −2)

उसी प्रकार,

P R I M E → N T G O C
(−2, +2, −2, +2, −2)

**निम्नलिखित जानकारी का ध्यान से अध्ययन करें और दिए गए सवाल का जवाब दें:**

**निम्नलिखित इनपुट और उसके पुनर्विन्यास का एक उदाहरण है। (संख्याएँ, जहाँ भी वे दिखाई देती है, दो अंको की संख्याएँ हैं)**

**इनपुट: quicker fives 14 28 38 wars 18 yellows**
**चरण I: yellows quicker fives 14 28 38 wars 18**
**चरण II: yellows 14 quicker fives 28 38 wars 18**
**चरण III: yellows 14 wars quicker fives 28 38 18**
**चरण IV: yellows 14 wars 18 quicker fives 28 38**
**चरण V: yellows 14 wars 18 quicker 28 fives 38**
**चरण V: ऊपर इनपुट के पुनर्विन्यास का अंतिम चरण है।**

**106. ऊपर चरणों में पालन किये नियमों के अनुसार, यदि एक इनपुट का चरण II "zebras 11 banks carriages 45 30 28 ducks" है, तो पुनर्विन्यास को पूरा करने के लिए और कितने चरण आवश्यक हैं?**

(a) VII (b) V
(c) IV (d) VI

**Ans : (c)** चरण II– zebras 11 banks carriages 45 30 28 ducks
चरण III– zebras 11 ducks banks carriages 45 30 28
चरण IV– zebras 11 ducks 28 banks carriages 45 30
चरण V– zebras 11 ducks 28 carriages banks 45 30
चरण VI– zebras 11 ducks 28 carriages 30 banks 45
चरण VI ऊपरोक्त विन्याश का अंतिम चरण होगा।
अतः पुनर्विन्यास को पूरा करने के लिए चार और चरणों की आवश्यकता होगी।

**107. ऊपर चरणों में पालन किये नियमों के अनुसार, नीचे उल्लेख किये इनपुट के चरण V में "28" की स्थिति क्या है?**

**इनपुट : Banks carriages 11 45 30 zebra 28 dusks**

(a) बाएं से चौथा (b) बाएं से पांचवा
(c) बाएं से छठा (d) दायें से दूसरा

**Ans : (a)**
इनपुट : Banks carriages 11 45 30 zebra 28 dusks
चरण I: bank carriages 11 45 30 28 dusks
चरण II– zebras 11 banks carriages 45 30 28 dusks
चरण III– zebras 11 dusks banks carriages 45 30 28
चरण IV– zebras 11 dusks28 banks carriages 45 30
चरण V– zebras 11 dusks28 carriages banks 45 30
स्पष्ट है कि चरण V में 28 की स्थिति बायें से चौथी है।

**108. ऊपर चरणों में पालन किये नियमों के अनुसार, यदि एक इनपुट का चरण III है "trains 22 stars 60 31 falls hards 52" तो पांचवां चरण क्या होगा?**

(a) stars trains 60 22 31 falls hards 52
(b) 22 stars 60 trains 31 falls hards 52
(c) trains 22 stars 31 hards 60 falls 52
(d) 60 stars 22 trains 31 falls hards 52

**Ans : (c)** दिया है–
चरण III –Trains 22 stars 60 31 falls hards 52
चरण IV –Trains 22 stars 31 60 falls harde 52
चरण V –Trains 22 stars 31 hards 60 falls 52

**109. नीचे दिये सवाल में दो कथन I और II हैं। तय करें क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़े और अपना जवाब दें।**

**सवाल: कलई के संदर्भ में नायर की दिशा क्या है?**

**I. कलई, रमेश के उत्तर में 10 मीटर की दूरी पर है। विजय, कलई के उत्तर–पश्चिम से 5 मीटर की दूरी पर है**



Teachingninja.in

**II. नायर, विजय के पश्चिम से 5 मीटर दूर है।**


(a) कथन I में उपलब्ध तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।

(b) कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

(c) कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।

(d) कथन II में उपलब्ध तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।

**Ans : (c)**




चित्र से स्पष्ट होता है कि कथन I व कथन II में उपलब्ध तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त है।

**110. निम्नलिखित प्रश्न में, दो कथनों के बाद दो निष्कर्ष I, II दिए गए हैं। निष्कर्ष पढ़ें और तय करें कि कौन–सा निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का अनुसरण करता है।**

**कथन: कुछ शैंपू कंडीशनर हैं।**

**सभी तेल कंडीशनर हैं।**

**निष्कर्ष: सभी तेल शैंपू हैं**

**कुछ शैंपू तेल हैं।**

(a) दोनों I और II अनुसरण करते हैं

(b) केवल I अनुसरण करता है।

(c) केवल I अनुसरण करता है।

(d) न I और न II अनुसरण करते हैं

**Ans : (d)**





अतः चित्र से स्पष्ट है कि न तो निष्कर्ष I सही है और न ही II सही है।


**111. दिए गए विकल्पों में से आकृति का चयन करें जहां बिंदु/बिंदुओं को उस ढंग से रखा जा सकता है जैसे बिंदु/बिंदुओं को नीचे दी गयी आकृति में रखा गया है।**




(a)



(b)



(c)



(d)



**Ans : (d)** ∵ प्रश्न आकृति में एक बिन्दु अष्टभुज, आयत और त्रिभुज तीनों में उभयनिष्ट है और दूसरा बिन्दु केवल अष्टभुज और आयत में है। अतः विकल्प (d) वाली आकृति में ही बिन्दुओं को सही स्थिति में रखा जा सकता है।

**112 to 114 .**

**निम्न जानकारी का ध्यान से अध्ययन करें और नीचे दिए गए सवाल का जवाब दें।**

**एक संगठन में कृषि अधिकारियों की भर्ती के लिए निम्न शर्ते हैं। उम्मीदवार/उम्मीदवार ने**

**(A) कम से कम 60% कुल अंकों के साथ कृषि के क्षेत्र में स्नातक हो**

**(B) कम से कम 50% कुल अंकों के साथ चयन प्रक्रिया को पास किया हो।**

**(C) 1 अक्टूबर 2016 को 35 साल की उम्र पूरी कर ली है।**

**एक आवेदक के मामले में जिन्होंने अन्य सभी मानदंडों को पूरा किया है, सिवाय**

**I. (B) ऊपर, लेकिन कृषि के क्षेत्र में स्नातकोत्तर की डिग्री ली है, तो मामला उपाध्यक्ष को भेजा जा सकता है।**

**II. (A) ऊपर, लेकिन चयन प्रक्रिया में 60% से अधिक अंक हासिल किये हैं, तो इस मामले को मुख्य महाप्रबंधक को भेजा जा सकता हैं।**

**112. निम्नलिखित मामले में क्या निर्णय लेना है? समीर एक बी.एससी कृषि स्नातक है, और उसने 50% कुल अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया है। 11.5.1978 को उनका जन्म हुआ, और चयन प्रक्रिया में 72% हासिल किये ।**

(a) उम्मीदवार का चयन किया जाना है

(b) उम्मीदवार को उपाध्यक्ष को भेजा जाना है

(c) उम्मीदवार को मुख्य महाप्रबंधक को भेजा जाना है

(d) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है।

**Ans : (c)** समीर शर्त (A) को पूरा नही कर रहा है परन्तु उपशर्त II (A) को पूरा कर रहा है, अतः दिये हुए नियमानुसार इस प्रक्रिया को मुख्य महाप्रबंधक को भेजा जाना है।

**113. निम्नलिखित मामले में क्या निर्णय लेना है? अशोक मल्होत्रा ने 65% कुल अंकों के साथ बी.एससी कृषि किया है और कृषि के क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री ली है। 43% के साथ चयन प्रक्रिया को उत्तीर्ण किया है और 5.10.1972 को उनका जन्म हुआ था**

(a) उम्मीदवार का चयन किया जाना है

(b) उम्मीदवार को उप–अध्यक्ष को भेजा जाना है

(c) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है

(d) उम्मीदवार को मुख्य महाप्रबंधक को भेजा जाना है

**Ans : (b)** अशोक मल्होत्रा शर्त B को पूरा नहीं कर रहा परन्तु उपशर्त I (B) को पूरा कर रहा है, अतः उम्मीदवार को उप–अध्यक्ष को भेजा जाना है

**114. निम्नलिखित मामले में क्या निर्णय लेना है? अविनाश कुमार ने 58% कुल अंको के साथ बी.एससी कृषि किया है, और चयन प्रक्रिया में उसे 68% अंक मिले है। पिछले महीने उसने अपना 36वां जन्मदिन बनाया है।**

(a) उम्मीदवार का चयन किया जाना है

(b) उम्मीदवार को उप–अध्यक्ष को भेजा जाना है



Teachingninja.in

(c) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है
(d) उम्मीदवार को मुख्य महाप्रबंधक को भेजा जाना है

**Ans : (c)** उम्मीदवार चयन प्रक्रिया की शर्त A को पूरा नहीं कर रहा परन्तु उपशर्त II (A) को पूरा कर रहा है।
अतः उम्मीदवार का चयन किया जाना चाहिए।

**115. एक निश्चित कूट भाष में 'PAINT' को '73915' के रूप में लिखा जाता है और 'MATCH' को '43568' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'CHAT' को कैसे लिखा जाता है?**

(a) 6385 (b) 6853
(c) 6835 (d) 6583

**Ans : (c)** जिस प्रकार,

PAINT एवं MATCH
73915 43568


उसी प्रकार,

CHAT
6835

**116. एक महिला की ओर इशारा करते हुए एक लड़के ने कहा, ''उसका पति, मेरे भाई की नानी की बेटी का इकलौता भाई है''। उस लड़के का उस महिला से क्या सम्बन्ध है?**

(a) भाई (b) देवर/जेठ
(c) मौसेरा भाई (d) भतीजा/भांजा

**Ans : (d)**




अतः चित्र से स्पष्ट है कि लड़का, महिला का भांजा है।

**117. नीचे दिये सवाल में दो कथन I और II हैं। तय करें क्या कथनों में उपलब्ध कराए गए तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़े और अपना जवाब दें।**
**सवाल: प्रिया किस दिशा की तरफ मुंह करके खड़ी है?**
**I. राजा और प्रिया एक दूसरे के सामने हैं। प्रिया की छाया राजा के दाएं तरफ गिरती है।**
**II. शाम को प्रिया तट पर खड़ी थी। उसकी छाया उसके बाएं तरफ गिर रही थी।**


(a) कथन II में उपलब्ध तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(b) कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(c) कथन I और II में उपलब्ध तथ्य मिलकर सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।
(d) कथन I में उपलब्ध तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं।

**Ans : (a)** कथन II में उपलब्ध तथ्य सवाल का जवाब देने के लिए पर्याप्त हैं क्योंकि कथन I में 'पहर' (सुबह या शाम) की जानकारी नहीं दी गयी है। इसलिए कथन से जवाब नहीं दिया जा सकता।

**118. निम्नलिखित प्रश्न में, दो कथनों के बाद दो निष्कर्ष I, II दिए गए हैं। निष्कर्ष पढ़ें और तय करें कि कौन–सा निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का अनुसरण करता है।**
**कथन :**
**सभी नाइट्रोजन अद्धितीय हैं**
**सभी उर्वरक उपयोगी हैं**
**निष्कर्ष :**
**I. कुछ उर्वरक उपयोगी हैं**
**II. कुछ उर्वरक नाइट्रोजन हैं**

(a) केवल II अनुसरण करता है।
(b) केवल I अनुसरण करता हैं।
(c) दोनों I और II अनुसरण करते हैं
(d) न I और न II अनुसरण करते हैं

**Ans : (b)**




चित्र से स्पष्ट है कि निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**119. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और जवाब दे निम्नलिखित में से कौन सा तर्क मजबूत है?**
**कथन:**
**क्या वैश्वीकरण ने भारत के विकास में मदद की है?**
**तर्क:–**
**(I) हाँ। चूंकि वैश्वीकरण उपायों को नब्बे के दशक के उत्तरार्द्ध में शुरू किया गया था, भारत स्थिर आर्थिक वृद्धि हासिल करने में सक्षम हो गया था जबकि अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदी से संघर्ष कर रही थीं।**
**(II) नहीं। आर्थिक वृद्धि मात्र आय में वृद्धि नहीं होती है। इसे लोगों के कल्याण में वृद्धि भी करनी चाहिए। वैश्वीकरण के उपायों को अपनाने के 20 साल बाद भी भारत में अभी भी गरीब लोगों का एक बड़ा प्रतिशत है।**


(a) केवल तर्क II मजबूत है
(b) केवल तर्क I मजबूत है
(c) न तो तर्क I न ही वर्क II मजबूत है
(d) दोनों तर्क I और तर्क II मजबूत हैं

**Ans : (b)** कथनानुसार, वैश्विकरण के दौरान भारत स्थिर आर्थिक वृद्धि हासिल करने में सफल रहा जबकि अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदी से संघर्ष कर रही थी। अतः वैश्विकरण ने भारत के विकास में मदद की। अतः केवल तर्क I मजबूत है।

**120. गणेश शाम को सूर्य की दिशा में साइकिल चलाता है। थोड़ी देर बाद, वह बाएं मुड़ता है और फिर दायें मुड़ता है। थोड़ी देर बाद, वह फिर दायें मुड़ता है। अब वह किस दिशा के सामने खड़ा है?**

(a) पश्चिम (b) उत्तर
(c) दक्षिण (d) पूर्व

**Ans : (b)**




चित्र से स्पष्ट है कि गणेश उत्तर दिशा के सामने खड़ा है।



Teachingninja.in

**121. श्री मुकेश एक व्यापारी हैं जिनके पास A और B उत्पाद A में 40% लोहा और 60% जस्ता मौजूद है, और उत्पाद B में 35% लोहा, 40% जस्ता और 25% कांस्य मौजूद हैं। अगर उत्पाद A और B 1:4 के अनुपात में मिलाये गए हैं, तो क्रमश: कितने प्रतिशत लोहा और जस्ता नवनिर्मित उत्पाद में मौजूद होंगे?**

(a) 36% और 44% (b) 55% और 65%
(c) 20% और 30% (d) 25% और 35%

**Ans : (a)** माना उत्पाद A की मात्रा = 100kg
और उत्पाद B की मात्रा = 100 kg

नए उत्पाद में A की मात्रा $=100\times\frac{1}{5}=20kg$

लोहे की मात्रा $=20\times\frac{40}{100}=8kg$

जस्ते की मात्रा $=20\times\frac{60}{100}=12kg$

नए उत्पाद में B की मात्रा $=100\times\frac{4}{5}=80kg$

लोहे की मात्रा $=80\times\frac{35}{100}=28kg$

जस्ते की मात्रा $=80\times\frac{40}{100}=32kg$

नवनिर्मित उत्पाद में लोहे और जस्ते की मात्रा का प्रतिशत क्रमश: 8 + 28 = 36 % तथा 12 + 32 = 44 % होगी

**निम्नलिखित चित्र को देखें और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें। मशीन M1 और मशीन M2 स्वतंत्र रूप से या तो उत्पाद A या उत्पाद B का उत्पादन कर सकते है उत्पाद A और उत्पाद B के एक एक नग के उत्पादन के लिए मशीन M1 और मशीन M2 को लगने वाले समय (मिनटों में) की जानकारी नीचे तालिका में दी गयी है (प्रत्येक मशीन प्रति दिन 8 घंटे काम करती हैं)**

| उत्पाद | M1 | M2 |
|---|---|---|
| P | 10 | 8 |
| Q | 6 | 6 |

**122. एक दिन में अधिकतम कितने नगों का उत्पादन कर सकती है?**

(a) 140 (b) 160
(c) 120 (d) 180

**Ans : (b)** अधिकतम उत्पादन के लिए उत्पाद Q को उत्पादित करना होगा। मशीन $M_1$ द्वारा 1 दिन में उत्पादित उत्पाद Q के नगों की संख्या

$=\frac{8\times60}{6}$ (चूँकि प्रत्येक मशीन प्रतिदिन 8 घण्टे काम करती है)
= 80

मशीन $M_2$ द्वारा 1 दिन में उत्पादित उत्पाद Q के नगों की संख्या

$$=8\times\frac{60}{6}=80$$

∴ कुल नगों की संख्या = 80 + 80 = 160

**123. P के 30 नग और Q के 25 नग का उत्पादन करने में कम से कम कितने मशीनी घंटे लगेंगे?**

(a) 7 घंटे 24 मिनट (b) 6 घंटे 6 मिनट
(c) 5 घंटे 48 मिनट (d) 6 घंटे 30 मिनट

**Ans : (d)** कुल समय (न्यूनतम) = (30 × 8) + (25 × 6)
= 240 + 150 = 390 मिनट
= 6 घण्टे 30 मिनट

**124. अगर कंपनी को उत्पाद P 40 नग चाहिए तो Q के एक दिन में ज्यादा से ज्यादा कितने नग उत्पादित किये जा सकते है?**

(a) 93 नग (b) 85 नग
(c) 100 नग (d) 90 नग

**Ans : (a)** मशीन प्रत्येक दिन 8 घंटे $(8\times60=480 \text{ मिनट})$ कार्य करती है।
अत: p के 40 नग के लिए लगा समय = $40\times10=400$ मिनट
अत: शेष समय = 480 − 400 = 80 मिनट
अत: q द्वारा प्रत्येक दिन ( 8 घंटे + 80 मिनट) में उत्पादित नग
= (480 मिनट + 80 मिनट)/6
= (560 मिनट)/6
= 93 नग

**125. एक सेकंड, एक मिनिट का कितना दशमलव है?**

(a) 0.256 (b) 0.0166
(c) 0.0025 (d) 0.222126

**Ans : (b)**
$\frac{1}{60}=0.0166$

**126. पांच अंकों की सबसे बड़ी संख्या का पता लगायें जो 7,9,11,13 और 15 से विभाज्य हो?**

(a) 9370 (b) 98285
(c) 90090 (d) 98450

**Ans : (c)**

| | |
|---|---|
| 3 | 7,9,11,13,15 |
| 3 | 7,3,11,13,5 |
| 5 | 7,1,11,13,5 |
| 7 | 7,1,11,13,1 |
| 11 | 1,1,11,13,1 |
| 13 | 1,1,1,13,1 |
| | 1,1,1,1,1 |

7, 9, 11, 13 और 15 का ल0स0= 45045
अत: पाँच अंकों की बड़ी से बड़ी अभीष्ट संख्या = 45045×2
= 90090

**127. 3 रुपये 60 पैसे प्रति किलोग्राम कीमत वाले कितने किलोग्राम गेहूं को 4 रुपये 20 पैसे प्रति किलोग्राम कीमत वाले 8 किलोग्राम गेहूं से मिलाया जाए, ताकि मिश्रण को 4 रुपये 40 पैसे प्रति किलोग्राम में बेचकर, 10% का लाभ हो सके?**

(a) 6 किलोग्राम (b) 2 किलोग्राम
(c) 3 किलोग्राम (d) 4 किलोग्राम

**Ans : (d)** माना x kg वाले गेहूँ को 8kg वाले गेहूँ से मिलाया जाय।
∴ क्रय मूल्य = 3.60 × x + 4.20 × 8
= (3.60 × x + 33.6) रु.
विक्रय मूल्य = 4.40 × (x+8) रु.



Teachingninja.in

विक्रय मूल्य $=\left(\frac{100+10}{100}\right)\times(3.6x+33.6)$

$4.4(x+8)=\frac{110}{100}\times(3.6x+33.6)$

$44x + 352 = 39.6x + 369.6$

$4.4x = 17.6$

$x = 4$

**अथवा**

मिश्रण नियम से–

माना मिलाया गया गेहूँ = x kg

$\because$ वि.मू. = 4.40 रु.

लाभ% = 10%

क्रय मू. $=4.40\times\frac{100}{110}$

= 4 रु./किग्रा.

| x | | 8 |
|---|---|---|
| 3.60 रु./किग्रा. | | 4.20 रु./किग्रा. |
| | 4 रु./किग्रा. | |
| 4.20 – 4 | | 4 – 3.60 |
| 0.20 | | 0.40 |

$\frac{20}{40}=\frac{x}{8}\Rightarrow 5x=20$

$\boxed{x = 4kg}$

**128. एक थैले में 305 रुपये की राशि, 4:5:7 के अनुपात में 25 पैसे, 10 पैसे और 50 पैसे के सिक्के हैं। क्रमशः प्रत्येक प्रकार के सिक्कों की संख्या का पता लगाएं।**

(a) 240, 180, 260 (b) 160, 360, 200

(c) 200, 360, 160 (d) 244, 305, 427

**Ans : (d)** माना 25 पैसे, 10 पैसे और 50 पैसे के सिक्कों की संख्या क्रमशः 4x, 5x तथा 7x है।

$\therefore 4x\times\frac{25}{100}+5x\times\frac{10}{100}+7x\times\frac{50}{100}=305$

$x+\frac{x}{2}+\frac{7x}{2}=305$

$x = 61$

$\therefore$सिक्कों की संख्या क्रमशः 244, 305 तथा 427 है।

**129. [(8×9)+(3×12)+3]/[(12×3)+(81/9)]=?**

(a) 4.25 (b) 1.5

(c) 2.9 (d) 2.46

**Ans : (d)**

$\frac{(8\times9)\times(3\times12)+3}{(12\times3)+\frac{81}{9}}$

$=\frac{72+36+3}{36+9}$

$=\frac{111}{45}=2.46$

**130. 2500 लोग है, जिन्होंने एक फिल्म देखने के लिए टिकिट खरीदे हैं। वे लोग जिनकी उम्र 25 साल से ज्यादा है, उन्होंने प्रति टिकिट 75 रुपये का भुगतान किया और जिनकी उम्र 25 साल से कम है, उन्होंने प्रत्येक टिकिट के लिए 25 रुपये का भुगतान किया। अगर कुल एकत्रित राशि 1,50,300 रुपये है, तो उन लोगों की संख्या का पता करें जिनकी उम्र 25 साल से ज्यादा है और फिल्म देखी है?**

(a) 1756 (b) 1381

(c) 684 (d) 744

**Ans : (a)** माना 25 साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों की संख्या = x

25 साल से कम उम्र वाले लोगों की संख्या = (2500–x)

$\therefore x\times75+(2500-x)\times25=1,50,300$

$75x+62500-25x=1,50,300$

$50x = 87,800$

$x = 1756$

**131. दो संख्याओं का महत्तम सर्वभाजक 4 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य 150 है। अगर उनमें से एक संख्या 25 है, तो अन्य संख्या ज्ञात करें।**

(a) 52 (b) 28

(c) 25 (d) 24

**Ans : (d)** $\because$ पहली संख्या × दूसरी संख्या = म0स0 × ल0स0

25 × दूसरी संख्या = 4 × 150

दूसरी संख्या = 24

**132. मान लें A={x:x∈R, x>4 } और {B=x∈R:x<5 } तो A⋂B है**

(a) (3, 6) (b) (8, 9)

(c) (6, 8) (d) (4, 5)

**Ans : (d)** A = {x : x∈R, x > 4}, B = {x∈R : x < 5}

A = {5, 6, 7, 8 ..........}, B = {4, 3, 2, 1 .......}

A ∩ B = { } रिक्त समुच्चय

**नोट–** ( ) open interval का मतलब कि दिये गये interval में (4, 5) न ही 5 है अर्थात

A ∩ B = (4, 5) OR ϕ

**133. 10,000रुपये के मूल धन पर 12% प्रतिवर्ष के हिसाब से 6 महीने की अवधि के लिए कुल रकम ज्ञात करें जो त्रैमासिक रूप से संयोजित हुई हो।**

(a) 14652 रुपये (b) 10609 रुपये

(c) 12365 रुपये (d) 11360 रुपये

**Ans : (b)** $\because$ ब्याज त्रैमासिक संयोजित है।

दर $=\frac{12}{4}=3\%$ तिमाही

समय = 2 त्रिमासिक

$\therefore A=P\left(1+\frac{r}{100}\right)^n$

$=10,000\left(1+\frac{3}{100}\right)^2$

$=10,000\times\frac{103}{100}\times\frac{103}{100}=10,609$ रु.

**134. ऐलिस, बॉब और चार्ली एक कंपनी में भागीदार हैं। एक विशेष वर्ष के दौरान ऐलिस को लाभ का एक तिहाई भाग मिला, बॉब को लाभ का एक चौथाई मिला और चार्ली को शेष मिला, जो कि 5000 रुपये हैं। ऐलिस को कितना लाभ मिला?**

(a) 4500 रुपये (b) 5000 रुपये

(c) 4000 रुपये (d) 3500 रुपये



Teachingninja.in

**Ans : (c)** माना कुल लाभ = x रु.

ऐलिस को प्राप्त लाभ $=\frac{1}{3}x$ रु.

बॉब को प्राप्त लाभ $=\frac{x}{4}$ रु.

चार्ली को प्राप्त लाभ $=x-\left(\frac{1}{3}x+\frac{x}{4}\right)=\frac{5x}{12}$

प्रश्नानुसार,

$5000=\frac{5x}{12}$

$x=12000$

ऐलिस का भाग $=12000\times\frac{1}{3}=4000$ रु.

**135. साल 2028 का कैलेंडर फिर _____ साल में इस्तेमाल किया जा सकता है।**

(a) 2056 (b) 2052
(c) 2060 (d) 2064

**Ans : (a)** चूंकि वर्ष 2028 एक लीप वर्ष है।
∴ वर्ष 2028 + 28 = 2056 में वर्ष 2028 का कैलेण्डर प्रयोग में लाया जा सकता है।

**136. (0.2×0.2×0.2)+(0.05×0.05×0.05)/(0.6×0.6×0.6) + (0.15×0.15×0.15)=?**

(a) 0.0125 (b) 0.5
(c) 0.25 (d) 0.037

**Ans : (d)**

$$\frac{(0.2\times0.2\times0.2)+(0.05\times0.05\times0.05)}{(0.6\times0.6\times0.6)+(0.15\times0.15\times0.15)}$$

$$=\frac{0.008+0.000125}{0.216+0.003375}=\frac{0.008125}{0.219375}=0.037$$

**137. वैगई एक्सप्रेस की तुलना में वृंदावन एक्सप्रेस 40 मिनट तेजी से P और Q स्टेशनों के बीच की दूरी तय करती है। दूरी का पता लगाएं, अगर वृंदावन एक्सप्रेस की औसत रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटे है और वैगई एक्सप्रेस की 30 किलोमीटर प्रति घंटे है।**

(a) 28 किलोमीटर (b) 20 किलोमीटर
(c) 32 किलोमीटर (d) 40 किलोमीटर

**Ans : (c)** वृंदावन एक्सप्रेस की चाल = 80 km/h.
वैगई एक्सप्रेस की चाल = 30 km/h.

दोनों के बीच समयान्तर = 40 min. $=\frac{40}{60}$ h.

P ←— d —→ Q

माना P, Q के बीच की दूरी = d km.

$\because \frac{d}{30}-\frac{d}{80}=\frac{40}{60}$ $\left(\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}=\text{समय}\right)$

$\frac{8d-3d}{240}=\frac{40}{60}$

$\frac{5d}{240}=\frac{40}{60}$

$5d=160$

$d=32$

अत: P, Q के बीच दूरी = 32 km.

**138. पूजा एक काम करने में चारु से तीन गुना ज्यादा और बानों से दुगुना ज्यादा वक्त लेती है। यदि तीनों एक साथ काम करें तो 2 घंटे में वो काम खत्म कर सकती है। बानों को पूरा काम अकेले करने में कितना वक्त लगेगा?**

(a) 8 घंटे (b) 5 घंटे
(c) 6 घंटे (d) 7 घंटे

**Ans : (c)** माना पूजा, चारू और बानों काम को पूरा करने में क्रमशः x, $\frac{x}{3}$ और $\frac{x}{2}$ घण्टे लेती है।

तब तीनों का 1 दिन का काम $=\frac{1}{2}$

$\frac{1}{x}+\frac{3}{x}+\frac{2}{x}=\frac{1}{2}$

$\frac{6}{x}=\frac{1}{2}$

x = 12

पूजा को लगा समय = 12 घण्टे

∴ बानों को पूरा काम करने में लगा समय $=\frac{12}{2}=6$ घण्टे।

**139. 425 लीटर के एक कंटेनर को दो पाइप के ज़रिये रसायनों से भरा गया। पहले पाइप को दूसरी पाइप से पांच घंटे अधिक खुला रखा गया था। अगर पहला पाइप उतनी देर के लिए ही खुला रहा जितनी देर दूसरा पाइप खुला रहा, और दूसरा पाइप भी तब तक के लिए खुला रहा जब तक पहला पाइप खुला रहा, तो पहले पाइप द्वारा भरे गए रसायन की मात्रा दूसरे पाइप के द्वारा भरे गए रसायन की मात्रा से आधी थी। अगर दोनों पाइप को एक साथ खोला जाए, तो टंकी 17 घंटों में भर जाएगी।**
**दूसरा पाइप कितने समय के लिए खुला रहा था?**

(a) 15 घंटे (b) 25 घंटे
(c) 10 घंटे (d) 20 घंटे

**Ans : (a)**

| | I पाइप | II पाइप |
|---|---|---|
| समय(t) → | x + 5 | x |
| दक्षता (E) → | $\frac{25}{3}$ | $\frac{50}{3}$ |
| | 1 | 2 |

$E_{(A+B)}=\frac{425}{17}=25$

$\because$ 3E — 25

1E — $\frac{25}{3}$

अब,

$\frac{25}{3}(x+5)+\frac{50x}{3}=425$

$\frac{25}{3}[x+5+2x]=425$

$\frac{25}{3}[3x+5]=425$

$x=\frac{46}{3}\simeq15$ घंटे।

**140. 1/(4+1/(4+1/(4–1/4))) का मान क्या है?**

(a) 64/271 (b) 271/64
(c) 150/16 (d) 180/13



Teachingninja.in

**Ans : (a)**

$$\frac{1}{4+\frac{1}{4+\frac{1}{4-\frac{1}{4}}}}$$

$$=\frac{1}{4+\frac{1}{4+\frac{4}{15}}}$$

$$=\frac{1}{4+\frac{15}{64}}=\frac{64}{271}$$

**141. अगर Q, P के 20% के बराबर है और R, Q के 30% के बराबर है, तो निम्न में से कौन सा विकल्प R के 30% के बराबर है?**

(a) P का 1.6% (b) P का 0.6%
(c) P का 0.8% (d) P का 1.8%

**Ans : (d)**

$$Q = P\times\frac{20}{100}=\frac{P}{5}............(1)$$

$$R = Q\times\frac{30}{100}=\frac{3Q}{10}$$

या $Q=\frac{10R}{3}$............(2)


समी. (1) और (2) से,

$$\frac{P}{5}=\frac{10R}{3}$$

$$R=\frac{3P}{50}$$


$\therefore$ R का $30\% = \frac{3P}{50}\times\frac{30}{100}$ = P का 1.8%

**142. PQRS एक आयत है जिसमें PQ=2QR है। T एक ऐसा बिंदु है जिसकी PQ से कम से कम दूरी $\sqrt{3}$ QR है। अगर M, QT का मध्यबिंदु है, तो QMR कोण का माप ज्ञात करें।**




(a) $30^0$ (b) $90^0$
(c) $60^0$ (d) $15^0$

**Ans : (d)**




दिया है-

आयत ▭ PQRS में-

PQ = 2QR, TN = $\sqrt{3}$QR

MQ = MT = TQ / 2

माना QR = x तब PQ = 2x

$\Rightarrow$ QN = PQ / 2

$\Rightarrow$ = 2x / 2 = x

$\Delta$TNQ में-

$$TQ^2=(TN)^2+(NQ)^2$$

$$=(\sqrt{3}x)^2+(x)^2$$

$$=3x^2+x^2$$

$$\Rightarrow TQ=\sqrt{4x^2}=2x$$

$$\therefore MQ = TQ/2 = 2x/2 = x$$

पुनः $\Delta$ TNQ में-

$$\tan\theta=\sqrt{3}x/x=\sqrt{3}$$

$$\Rightarrow\theta=60^0$$

$\Delta$MQR में-

$$\angle QMR+\angle QRM+\angle MQR=180$$

$\Rightarrow 2\angle QMR+(90^\circ+60^0)=180^0$ [$\because$ समान भुजा के सामने के कोण समान होते हैं]

$$\Rightarrow\angle QMR=15^0$$

**143. 17 सदस्यों को 9 और 8 सदस्यों के बैठने की क्षमता वाली दो पंक्तियों में कितने तरीकों से बैठाया जा सकता है?**

(a) 9!×8! (b) $^{17}P_9$
(c) $^{17}C_9$×9×!8 (d) $^{17}C_9\times{}^{17}C_8$

**Ans : (d)** अभीष्ट बैठाने के तरीकों की संख्या $={}^{17}C_9\times{}^{17}C_8$

**144. एक लड़की 5 किलोमीटर प्रति घंटे, 10 किलोमीटर प्रति घंटे और 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कुल 55 मिनट में तीन समान दूरियां तय कर लेती है, उसके द्वारा तय कुल दूरी ज्ञात करें?**

(a) 3.5 किलोमीटर (b) 1.5 किलोमीटर
(c) 9 किलोमीटर (d) 7.5 किलोमीटर

**Ans : (d)** माना प्रत्येक समान दूरी = x किमी.

$$\frac{x}{5}+\frac{x}{10}+\frac{x}{15}=\frac{55}{60}$$

$$\frac{6x+3x+2x}{30}=\frac{11}{12}$$

$$\frac{11x}{30}=\frac{11}{12}$$

$x=\frac{5}{2}$ किमी.

$\therefore$ कुल दूरी $=3\times\frac{5}{2}=\frac{15}{2}=7.5$ किमी.

**145. 8 व्यक्तियों के समूह का औसत वजन 2.5 किलो बढ़ जाता है जब 54 किलो वजन के एक व्यक्ति की जगह एक नया व्यक्ति ले लेता है। नए व्यक्ति का वजन कितना है?**

(a) 74 किलोग्रम (b) 77 किलोग्राम
(c) 72 किलोग्राम (d) 76 किलोग्राम



Teachingninja.in

**Ans : (a)** माना व्यक्ति का वजन = x किग्रा.
औसत = y किग्रा.
$\therefore$ 8y – 54 +x = 8 × (y + 2.5)
8y – 54 + x = 8y + 20
x = 74 किलोग्राम

**146. 10400 रुपये की राशि को इस तरह कर्ज के रूप में दो भाग में दिया गया है कि एक भाग पर 10% के दर से 5 सालों के लिए अर्जित होने वाला ब्याज अन्य हिस्से पर 9% के दर से 6 सालों के लिए अर्जित ब्याज के बराबर है। दोनों रकम ज्ञात करें?**
(a) 6000 रुपये, 400 रुपये
(b) 5200 रुपये, 5200 रुपये
(c) 5400 रुपये, 5000 रुपये
(d) 6500 रुपये, 3900 रुपये

**Ans : (c)** माना पहला भाग = x रु.
दूसरा भाग = (10400–x) रु.
$$\therefore \frac{x\times10\times5}{100}=\frac{(10400-x)\times9\times6}{100}$$
50x = 561600 – 54x
104x = 561600
x = 5400
$\therefore$ दूसरा भाग = 10400 – 5400 = 5000 रु.
$\therefore$ दोनों रकम 5400 रु., 5000 रु. है।

**147. एक ट्रेन 90 किमी/घंटा की रफ्तार से चलती है और यह एक मिनट में प्लेटफार्म को पार कर जाती है। अगर ट्रेन और प्लेटफार्म की लंबाई बराबर है, तो ट्रेन की लंबाई का पता लगायें।**
(a) 525 मीटर (b) 550 मीटर
(c) 750 मीटर (d) 850 मीटर

**Ans : (c)** माना ट्रेन की लम्बाई = x मी0 = प्लेटफॉर्म की लं.
$\because$ दूरी = चाल × समय
$$(x+x)=90\times\frac{1}{60}$$
$$2x=\frac{3}{2}\Rightarrow x=\frac{3}{4}\text{ किमी.}$$
$$x=\frac{3}{4}\times1000=750\text{ मी0}$$

**148. रंगिना सफर का एक भाग 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से और बाकी दूरी 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तय करती है, इस तरह वो 5 घंटे में 120 किलोमीटर की दूरी तय कर लेती है। वह कितने घंटे के लिए 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रही हैं?**
(a) 3.71 घंटे (b) 5.8 घंटे
(c) 2.45 घंटे (d) 1.5 घंटे

**Ans : (a)** माना x घण्टे तक वह 15 किमी./घण्टे की रफ्तार से गाड़ी चला रही है।
$\therefore$ 15 × x + 50 × (5–x) = 120
15x + 250 – 50x = 120
–35x = –130
$$x=\frac{130}{35}=3.71\text{ घण्टे}$$

**149. अगर दिसंबर 15, 2005 शनिवार था, तो दिसंबर 15, 2004 को कौन सा दिन था?**
(a) शनिवार (b) शुक्रवार
(c) मंगलवार (d) रविवार

**Ans : (b)** कुल संख्या = दोनों वर्षों का अन्तर + दोनों तिथियों के बीच पड़ने वाले लीप वर्षों की संख्या
= (2005 – 2004) + 0 = 1
$\therefore$ विषम दिन = 1
$\therefore$ अभीष्ट दिन शनिवार – 1 = शुक्रवार

**150. एक दुकानदार एक कुर्सी की कीमत लागत मूल्य से 20% ज्यादा अंकित करता है और खरीदारों को नकद भुगतान पर 10% की छूट देता है। जब एक खरीदार नकद भुगतान करता है, उसे कितना प्रतिशत मुनाफ़ा होगा?**
(a) 8% (b) 12%
(c) 10% (d) 18%

**Ans : (a)** माना लागत मूल्य = 100 रु.
अंकित मूल्य = 120 रु.
$$\therefore \text{ विक्रय मूल्य }=120\times\frac{90}{100}=108\text{ रु.}$$
$\therefore$ मुनाफा = 108–100 = 8
$$\text{मुनाफा\%}=\frac{8}{100}\times100=8\%$$
अतः दुकानदार को 8% का मुनाफा होता है।

**151. दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक 25 है और उनके लघुत्तम समापवर्त्य के अन्य दो गुणक 14 और 17 है बड़ी संख्या कौन सी है?**
(a) 425 (b) 340
(c) 360 (d) 350

**Ans : (a)** म.स.प. = 25
अतः संख्यायें = 25x और 25y
ल.स. = 25.x.y ..........(i)
प्रश्नानुसार, ल.स. के अन्य दो गुणज = 14 और 17
समी. (i) के अनु. ल.स. के अन्य दो गुणज = x और y
अतः x = 14 और y = 17
अतः वे संख्याऐं = 25 × 14 = 350 और 25 × 17 = 425
अतः बड़ी संख्या = 425

**152. अगर y, x से 20% अधिक है, तो x, y से कितने फीसदी कम है?**
(a) 16% (b) 16.67%
(c) 17.67% (d) 16.33%

**Ans : (b)** माना x = 100
$$y=100\times\frac{120}{100}=120$$
y – x ⇒ 120 – 100 = 20
अतः x, y से 20 कम है।
$$\text{\% कमी}=\frac{20}{120}\times100=16.67\%$$
**अथवा**
$$\text{सूत्र से, कमी\%}=\left(\frac{\text{वृद्धि\%}}{100+\text{वृद्धि\%}}\right)\times100$$
$$=\frac{20}{120}\times100=16.67\%$$



Teachingninja.in

**153. एक पुराने सदस्य की जगह एक नए सदस्य के लेने के बाद, यह पाया गया कि एक क्लब के पांच सदस्यों की औसत आयु उतनी ही है जितनी 3 साल पहले थी। बदले गए सदस्य और नए सदस्य की उम्र के बीच कितना अंतर है?**

(a) 15 साल (b) 14 साल
(c) 17 साल (d) 16 साल

**Ans : (a)** माना 3 साल पहले 5 सदस्यों की औसत आयु = x वर्ष
∴ 3 साल पहले 5 सदस्यों की कुल आयु = 5x वर्ष
वर्तमान में 5 सदस्यों की कुल आयु = (5x + 15) वर्ष
एक सदस्य के स्थानान्तरण के बाद औसत आयु = x (अर्थात औसत आयु में कमी)
वर्तमान में (स्थानान्तरण के बाद) औसत आयु →

$\Rightarrow \frac{5x+15-(d)}{5} = x$ (d = दोनों सदस्यों की आयु का अन्तर)

$\Rightarrow 5x + 15 - d = 5x$

d = 15

अतः दोनों सदस्यों की आयु में अन्तर = 15 वर्ष

**154. प्रथम छमाही (सेमेस्टर) के दौरान, सैम के अंक 78, 96, 86, 96, 79, 85, 100, 97, 69 और 73 थे। उसके अंको की माध्यिका क्या थी?**

(a) 54 (b) 85.5
(c) 23 (d) 35

**Ans : (b)** अंकों का आरोही क्रम–
69, 73, 78, 79, 85, 86, 96, 96, 97, 100
n = 10 (सम)

$\therefore \text{माध्यिका} = \frac{\frac{10}{2}\text{वें पद का मान} + \left(\frac{10}{2}+1\right)\text{वें पद का मान}}{2}$

$= \frac{5\text{वें पद का मान} + 6\text{वें पद का मान}}{2}$

$= \frac{85+86}{2} = \frac{171}{2} = 85.5$

**155. 3 रुपये 20 पैसे प्रति किलोग्राम की टेलकम पाउडर A को 2 रुपये 90 पैसे प्रति किलोग्राम के टेलकम पाउडर B के साथ किस अनुपात में मिलाया जायें ताकि मिश्रण की लागत मूल्य 3 रुपये 8 पैसे प्रति किलोग्राम हो जाए?**

(a) 2 : 1 (b) 4 : 5
(c) 3 : 2 (d) 5 : 5

**Ans : (c)**

320 पैसे 290 पैसे

308 पैसे

308-290 = 18 320-308 = 12

∴ अभीष्ट अनुपात = 18 : 12 = 3 : 2

**156. रोजाना 3 घंटे अध्ययन कर एक छात्र अपना सबक 20 दिन में सीख सकता है। अगर वह रोजाना 4 घंटे अध्ययन करे तो वही सबक कितने दिन में सीख सकता है?**

(a) 12 दिन (b) 16 दिन
(c) 15 दिन (d) 20 दिन

**Ans : (c)** $H_1D_1 = H_2D_2$

$3 \times 20 = 4 \times D_2$

$D_2 = 15$दिन

**157. अगर P(A)=1/2 और P(B/A)=1/3, P(A और B) पता करें।**

(a) 1/12 (b) 1/6
(c) 1/5 (d) 1/4

**Ans : (b)** $P(A) = \frac{1}{2}$

$P(B/A) = \frac{1}{3}$

P (A और B) अर्थात $= P(A \cap B)$

$= P(A) \times P(B/A)$

$= \frac{1}{2} \times \frac{1}{3} = \frac{1}{6}$

**158. एक ठोस सम गोलाकार सिलेंडर को पिघलाया गया और उसे समान अर्धव्यास के आधार वाला सम शंकु बना दिया गया। ठोस की लंबाई में कितनी प्रतिशत वृद्धि हुई है?**

(a) 300 (b) 30
(c) 200 (d) 100

**Ans : (c)** ∵ सिलेण्डर का आयतन = शंकु का आयतन

$\pi r^2 \ell = \frac{1}{3}\pi r^2 \ell_1$

$\ell = \frac{1}{3}\ell_1$

$\ell_1 = 3\ell$

लम्बाई में वृद्धि $\% = \left(\frac{3\ell - \ell}{\ell}\right) \times 100 = 200\%$

**159. निम्नलिखित संख्याओं में से कौन सी रूढ़ संख्या है?**

(a) 47 (b) 39
(c) 51 (d) 27

**Ans : (a)** रूढ़ संख्या या अभाज्य संख्या– वह संख्या जो स्वयं और 1 से विभाजित हो रूढ़ संख्या कहलाता है।
अतः 47 एक रूढ़ संख्या है।

**160. एवलिन ने तीन किस्मों के समान संख्या में कंगन खरीदी जिनकी कीमत प्रति नग 30, 35 और 65 रुपये है, उन्होने सभी कंगन के लिए कुल 1690 रुपये खर्च किया। उन्होने प्रत्येक प्रकार की कितनी कंगन खरीदें?**

(a) 10 (b) 13
(c) 12 (d) 15

**Ans : (b)** माना प्रत्येक प्रकार की कंगन की संख्या = x

$\therefore 30x + 35x + 65x = 1690$

$130x = 1690$

$x = 13$



Teachingninja.in